दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 296
कोटद्वार रविवार
5 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## कनिष्ठ सहायक परीक्षा शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से हो इसका पूर्ण ख्याल रखा जाए: सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल रविवार को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली कनिष्ठ सहायक परीक्षा हेतु सभी जनपदों के जिलाधिकारियों एवं मुख्य पुलिस अधीक्षकों को कड़े निर्देश दिये हैं कि कनिष्ठ सहायक परीक्षा हेतु सम्पूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण कर लें। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से हो इसका पूर्ण ख्याल रखा जाए। मुख्यमंत्री ने परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले सभी परिक्षार्थियों को शुभकामना देते हुए कहा कि वह सभी को विश्वास दिलाते हैं कि राज्य सरकार द्वारा नकल रोकने हेतु कड़े से कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में राज्य सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने के लिये देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून बनाया है। किसी भी युवा साथी के भविष्य से खिलवाड़ नही होने दिया जायेगा।

## गड्ढों से युक्त सड़क का नाम व फोटो मुझे भेजें : किशोर उपाध्याय

**नई टिहरी।** टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने जनता से अपील की है कि सीएम धामी ने प्रदेश में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश जारी किए हैं।

यदि विधानसभा के तहत कोई भी सड़क गड्ढों से युक्त है तो तत्काल उस स्थान का नाम व फोटो मुझे भेजें, ताकि सीएम धामी के निर्देशों का पालन करवाया जा सके। इससे सड़कों की स्थिति सुदृढ़ होने के साथ ही दुर्घटनाओं की संभावनाओं में कमी आयेगी।

## देश में 97 दिन बाद कोविड-19 के 300 से अधिक नए मामले आए सामने

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** भारत में 97 दिन बाद कोरोना वायरस संक्रमण के 300 से अधिक नये मामले सामने आए हैं और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 2,686 हो गई है.क़ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में संक्रमण के 334 नये मामले पाए गए.

पिछले 24 घंटों में इस संक्रमण से तीन और लोगों की मौत की जानकारी मिलने के बाद मृतकों की कुल संख्या 5,30,775 हो गई. इनमें से दो लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई और केरल में आंकड़ों के मिलान के दौरान एक व्यक्ति की मौत का मामला दर्ज किया गया. देश में संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,87,496 हो गई है.

## अभिनेता शीजान खान को मिली जमानत

**मुंबई,एजेंसी ।** अभिनेत्री तुनिषा शर्मा की आत्महत्या मामले में गिरफ्तार अभिनेता शीजान खान को वसई अदालत ने 1 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत मिली। शीजान खान से कोर्ट ने उनका पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा। हालांकि शीजान के देश से बाहर जाने पर पाबंदी है।

कोर्ट ने उसका पासपोर्ट जमा कराने को कहा है। 21 वर्षीय तुनिषा शर्मा ने 24 दिसंबर, 2022 की सुबह अली बाबारू दास्तान-ए-काबुल सीरियल की शूटिंग के दौरान आत्महत्या कर ली थीं और एक दिन बाद 27 वर्षीय खान को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत

# 2047 तक बनेगा विकसित देश: पीएम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते कुछ दिनों से बजट पूर्व वेबिनार को संबोधित कर रहे हैं। आज भी पीएम ने बुनियादी ढांचा और निवेशश पर बजट वेबिनार को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि इस साल का बजट इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को नई ग्रोथ एनर्जी देना वाला है। मोदी ने कहा कि देश के विकास की प्रक्रिया में बुनियादी ढांचा विकास हमेशा एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है।

पीएम ने कहा कि इन्फ्रा विकास अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति है और इस रास्ते पर चलकर भारत 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। पीएम ने कहा कि इस साल का बजट देश के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगा।

पीएम ने कहा कि देश में पहले दशकों तक एक सोच हावी रही थी कि गरीबी एक मनोभाव है और इसी सोच की वजह से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकारें निवेश नहीं करती थी। पीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने इस सोच से देश को बाहर निकाला है और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकर्ड निवेश किया है।

पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि आज राष्ट्रीय राजमार्ग का औसत वार्षिक निर्माण 2014 की तुलना में दोगुना हो गया है। पीएम ने कहा कि 2014 से पहले हर साल 600 रूट किमी रेल लाइन का विद्युतीकरण होता था और आज ये आंकड़ा 4000 रूट किमी पर आ गया है। एयरपोर्ट की संख्या भी 2014 की तुलना में 74 से बढ़कर 150 के आस-पास पहुंच चुकी है।

# पंचायतों में भ्रष्टाचार नहीं होगा बर्दाश्त: महाराज

### पानी की किल्लत की संभावना को देखते हुए पूर्व निर्धारित तैयारी करने के दिये निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून।** पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज द्वारा निदेशालय पंचायतीराज में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान सतपाल महाराज ने कहा कि पंचायतों में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज द्वारा पंचायतों में निर्मित किये जा रहे पंचायत भवनों में बिजली, पानी, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं इंडियन के साथ-साथ पश्चिमी शैली में शौचालय निर्मित करने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसी तकनीक विकसित करने हेतु कहा गया जिससे निदेशालय स्तर के अधिकारी समस्त ग्राम पंचायतों से संपर्क स्थापित कर सकें। महाराज ने कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि त्रिस्तरीय पंचायतों में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा जिन भी स्थानों में भ्रष्टाचार आदि की शिकायत मिलती है तो सम्बन्धित के खिलाफ एफ0आई0आर0 दर्ज की जाएगी। उन्होने स्पष्ट किया कि बिना उनकी अनुमति के पंचायतीराज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग का फंग्शनल मर्जर नहीं किया जाएगा। श्री महाराज ने यह भी कहा कि विभाग में किसी भी कर्मचारी के पास कोई पटल 03 वर्ष से अधिक समय तक नहीं रखा जाएगा एवं जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर दोहरा चार्ज हो तो वह भी उनके संज्ञान में लाया जाये। उन्होने जनपदों में तैनात डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, ब्लॉक कॉर्डिनेटर आदि पद जिनमें ऑउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारी तैनात है के मानदेय के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पंचायत मंत्री ने कहा कि वर्तमान में अन्य विभागों में धारा 27 के अन्तर्गत स्थानानान्तरण की कार्यवाही की जा रही है इस सम्बन्ध में पंचायतीराज विभाग से शीघ्र प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाये। उन्होने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि इस साल वर्षा कम होने के फलस्परूप ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की भारी किल्लत होने की संभावना है इसलिए इससे निपटने के लिए समस्त जनपदों के अधिकारियों को सचेत रहने एवं पानी की कमी से निपटने हेतु पूर्व निर्धारित तैयारी करते हुए जल जीवन मिशन के अधिकारियों के साथ बैठक की जाये। महाराज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आय के स्त्रोत बढाये जाने के लिए ऐसे धार्मिक स्थलों जहां पर पर्यटकों की आवाजाही ज्यादा रहती है वहां पर होम स्टे का निर्माण किया जाना चाहिए। बैठक में पंचायतीराज विभाग के अपर सचिव ओमकार सिंह, संयुक्त सचिव डी०एस० राणा, निदेशक आनन्द स्वरूप, संयुक्त निदेशक राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, उप निदेशक मनोज कुमार तिवारी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अवैध तरीके से रहने के आरोप में 18 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



ठाणे,एजेंसी महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 10 महिलाओं समेत 18 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. उन पर देश में अवैध तरीके से रहने का आरोप है. एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि नवी मुंबई पुलिस ने एक और दो मार्च की मध्यरात्रि को यह गिरफ्तारी की. रबाले पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक नवी मुंबई के घनसोली इलाके की एक इमारत में उनमें से एक की शादी की वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए इका I होंगे.इसके बाद नवी मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने रात में इमारत पर छापा मारा.

उन्होंने बताया कि इस दौरान 10 महिलाओं और आठ पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया गया, जो पिछले एक साल से बिना किसी वैध दस्तावेज के इस इलाके में रह रहे थे.

पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ विदेशी कानून, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियम, 1950 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है.

# पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की सीबीआई रिमांड बढ़ी

### कोर्ट ने 2 दिन की कस्टडी में भेजा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआइ हिरासत राउज एवेन्यू की विशेष सीबीआइ अदालत ने दो दिन और बढ़ा दी है।विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने कहा कि मामले में आगे की पूछताछ के लिए हिरासत की जरूरत है। सीबीआइ की तीन दिन की हिरासत की मांग पर अदालत ने दो दिन हिरासत की स्वीति दी। साथ ही हिरासत अवधि समाप्त होने पर सीबीआइ को छह मार्च को दोपहर दो बजे सिसोदिया को पेश करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान सीबीआइ की तरफ से पेश हुए विशेष लोक अभियोजक पंकज गुप्ता ने कहा कि सीबीआइ का कहना है कि सिसोदिया अब भी जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

साथ ही सिसोदिया ने गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इसमें एजेंसी का काफी समय बर्बाद हो गया। इसके कारण हमें पूछताछ करने का पर्याप्त समय नहीं मिल सका। एजेंसी ने अदालत से सिसोदिया की तीन दिन की रिमांड बढ़ाने की मांग की।

सिसोदिया की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दयन ष्णन ने कहा कि एजेंसी एक बार फिर जांच में सहयोग नहीं करने के आधार पर हिरासत बढ़ाने की मांग कर रही है, लेकिन पूछताछ में कुछ हासिल नहीं कर पाने की जांच एजेंसी की अयोग्यता हिरासत स्वीत करने का आधार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अगर सिसोदिया के घर से लेकर बैंक लाकर तक छापेमारी की गई, कई महीने से वह बाहर थे तो अब हिरासत में लेने का क्या मतलब है। इस पर अदालत ने कहा कि आप चाहे तो हिरासत आदेश को चुनौती दे सकते हैं। इसके जवाब में ष्णन ने कहा कि हम हिरासत आदेश पर सवाल नहीं उठा रहे हैं, लेकिन पांच दिन बाद एजेंसी द्वारा रिमांड बढ़ाने के आधार पर सवाल है दूसरी बार हिरासत देते समय इसकी जांच और सख्ती से होनी चाहिए।

सिसोदिया की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने कहा कि अगर सिसोदिया आने वाले तीन दिन में सहयोग नहीं करें तो क्या फिर इसी आधार पर हिरासत बढ़ाने की मांग की जाएगी। सिसोदिया को सीबीआइ ने 26 फरवरी को आठ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था और 27 फरवरी को अदालत ने मनीष को पांच दिन की सीबीआइ हिरासत में भेज दिया था।

सिसोदियाअदालत के समक्ष पेश होने के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि पिछली सुनवाई पर मेरे अधिवक्ता ने थर्ड डिग्री की बात की थी। एजेंसी का मेरे प्रति रवैया सम्मानपूर्ण रहा है, लेकिन छह से आठ घंटे तक की लंबी पूछताछ भी थर्ड डिग्री ही है। एजेंसी द्वारा बार-बार एक ही सवाल पूछकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।सिसोदिया का पक्ष सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने सीबीआइ को निर्देश दिया कि कुछ नया सवाल या जानकारी हो तो उसी के बारे में पूछताछ करें। साथ ही सिसोदिया का चिकित्सा परीक्षण भी कराते रहें।



आबकारी नीति घोटाला मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा दायर जमानत याचिका पर विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने सीबीआइ को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

अदालत ने कहा कि मामले में सुनवाई दस मार्च को होगी। सुनवाई के दौरान सिसोदिया की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने जमानत याचिका पर सुनवाई की बात की। इस पर सीबीआइ की तरफ से पेश हुए विशेष लोक अभियोजक पंकज गुप्ता ने कहा कि एजेंसी को जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। कोर्ट ने कहा कि मामले में होली के बाद सुनवाई होगी।

सीबीआइ और ईडी ने आरोप लगाया है कि आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितता की गई थी और लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ दिया गया था। इसमें लाइसेंस शुल्क माफ या कम किया गया था।नीति से सरकारी खजाने को 14436 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दिल्ली के उपराज्यपाल की सिफारिश पर सीबीआइ ने प्राथमिकी दर्ज की थी। भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआइ ने एक आरोप पत्र दाखिल किया है, जबकि इससे जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने एक आरोप पत्र व एक पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है।

## इजरायल और भारत एक-दूसरे की अहम रक्षा परियोजनाओं को देंगे बढ़ावा: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के साथ बातचीत की है। इजराइल और भारत एक-दूसरे के महत्वपूर्ण रक्षा परियोजनाओं को बढ़ावा देंगे। दोनों नेताओं ने सैन्य हार्डवेयर के साझे-विकास से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं पर चर्चा की। इजरायल के रक्षा मंत्री बनने के बाद योआव और राजनाथ के बीच यह पहली मुलाकात है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय रंक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशीकरण और घरेलू निर्माण में भारत की प्राथमिकता को रेखांकित किया है। मंत्रालय ने कहा है कि रक्षा मंत्री ने भारत में एक विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादन की स्थिति में इजरायली उद्योगों के सहयोग को स्वीकार किया है।तो वहीं इजरायल को विशेष रूप से विशिष्ट प्रौद्योगिकी में सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए भारतीय कंपनियों के साथ संयुक्त उपक्रम में निवेश को और मजबूत करने का निमंत्रण भी दिया है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर कहा कि इजरायल के रक्षा मंत्री मेजर जनरल योआव गैलेंट के साथ बातचीत कर प्रसन्नता हुई। तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि भारत इजरायल के साथ अपने संबंधों को भारत प्राथमिकता देता है। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने की दिशा में उनके साथ काम करने की आशा है। राजनाथ ने कहा- उन्होंने भारत में विश्व स्तरीय डिदें स मैन्युफैक्चरिंग ईको सिस्टम के लिए इजरायली उद्योगों के सहयोग के बारे में चर्चा की है।

इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने ट्वीट कर कहा कि दोनों पक्ष महत्वपूर्ण रक्षा परियोजनाओं को प्रोत्साहित करेंगे। भारत और इजरायल ने हाल ही में अपने कूटनीतिक संबंधों के 30 वर्ष पूरे किए हैं। इसलिए दोनों देश अपने संबंधों को और मजबूत करेंगे। तो वहीं भारत ने अपने बयान में कहा है कि राजनाथ सिंह ने हाल ही में बेंगलुरु में संपन्न एयरो इंडिया के दौरान भारत और इजरायल की कंपनियों के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर को लेकर प्रसन्नता जाहिर की।गौरतलब है कि जनवरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ टेलीफोन पर बातचीत की थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई थी।

## आंसू बयां कर रहे दर्द..चेक मिलने के बाद बोले आपदा प्रभावित

### जोशीमठ में ही रहेंगे, कहीं नहीं जाएंगे

**जोशीमठ ।** आपदा प्रभावितों को क्षतिग्रस्त मकान के मुआवजे के रुप में चेक वितरित होने के बाद उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वे जोशीमठ में ही रहेंगे, यहीं सुरक्षित जगह पर जमीन लेकर मकान बनाएंगे। प्रभावितों के आंसू उनका दर्द बयां कर रहे हैं। सेना से सेवानिवृति के बाद अपनी जमापूंति से मकान बनाया, लेकिन भू-धंसाव में मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। अब प्रशासन की ओर से 36 हजार 527 वर्ग मीटर की दर पर मुआवजा राशि दी है, इससे संतुष्ट हूं, जोशीमठ छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे, यहीं सुरक्षित स्थान पर मकान बनाकर रहेंगे। सरकार की ओर से उचित मुआवजा दिया गया है। - मंगलू लाल, आपदा प्रभावित, गांधीनगर। सुनील वार्ड में भू-धंसाव से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हमारा मकान भी रहने लायक नहीं रह गया था। मकान पर दरारें ज्यादा आ गई हैं। हमें मकान के मूल्यांकन के हिसाब से मुआवजा राशि मिल गई है। सरकार की ओर से निर्धारित मानकों के आधार पर ही राहत पैकेज दिया गया है।

## सीएम धामी ने की स्व.सूबेदार मोहन चंद स्मृति ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान

चंपावत। बनबसा के ग्राम भजनपुर में आयोजित प्रथम स्व.सूबेदार मोहन चंद स्मृति ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग कर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया व विजेता मजगांव की टीम को 21 हजार तथा उप विजेता उचोलिगोठ की टीम को 11 हजार रुपये की धनराशि के चैक प्रदान किए। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल का मैदान हमें अनुशासन सिखाने के साथ ही जीवन में हमें आगे बढ़ना सिखाता है। प्रतियोगिता में मजगांव बनबसा ने उचौलीगोठ टनकपुर को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा थाना बनबसा के नए भवन का निर्माण करने, बनबसा के वार्ड 4 में पार्क का निर्माण किए जाने, बनबसा में शहीद स्मारक का निर्माण किए जाने की घोषणा की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह भंडारी,पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, मनोज कालाकोटी, शंकर लाल वर्मा, संजीव विश्वकर्मा, रवि राज, गोविंद सामंत, मोनू ठाकुर,सावन चंद, उमेश भट्ट, जनक चंद के अलावा सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।।

# सीएम धामी ने किया खटीमा में उत्तराखण्ड जनजाति एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को खटीमा स्थित थारू विकास भवन में उत्तर-ाखण्ड जनजाति एवं अन्तर्राष्ट्रीय थारू सम्मेलन 2023 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य जनजाति महोत्सव का आयोजन जो प्रतिवर्ष किया जाता है उसके लिये उत्तर-ाखण्ड जनजाति शोध संस्थान से धनराशि दी जायेगी। खटीमा जनजातिय खेल प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने हेतु प्रतिवर्ष जनजातिय युवा खेल महोत्सव आयोजित किया किये जाने व ग्राम पहेनिया में देवा पोषक शारदा नहर क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण किया जायेगा तथा ग्राम लामाखेड़ा में विद्युत सब स्टेशन का निर्माण किये जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि थारू समाज, हमारे लिए एक परिवार की तरह है और थारू समाज के उत्थान और कल्याण के लिए हमारी सरकार दिन रात कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार का मानना है कि थारू समाज का मजबूत और आत्मनिर्भर बनना हमारे देश और प्रदेश की उन्नति के लिए परम आवश्यक है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र को लेकर कार्य रही है।

उन्होंने कहा कि देश में पहली बार भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार ने ही थारू समाज को उसका हक दिलाने का कार्य किया था और आज मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार थारू समाज सहित सभी जनजातियों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारें, 70 सालों में गरीबों का खाता नहीं खोल पाई, उनके जमाने में गरीब आदमी बैंक के दरवाजे तक नहीं पहुंच सकते थे अब जब प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्रत्येक गरीब का बैंक में खाता खुलवा दिया तो अब वही लोग उनके खातों में पैसे जमा करने का वादा कर रही है। प्रदेश में विकास के रास्ते तभी खुलेंगे जब राष्ट्र सुरक्षित रहेगा। बीते वर्षों में देश में भी आतंकी घटनाओं पर लगाम लगी है ये है आपके एक वोट की ताकत का कमाल।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महान विजन के अनुरूप और उन्हीं के दिशानिर्देशन में हम प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए संकल्पबद्ध हैं। हम विकसित उत्तराखंड का जो विकल्प रहित संकल्प लेकर चल रहे हैं उसकी सिद्धि के लिए सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि हमारा मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जब हम सभी वर्ष 2025 में राज्य का रजत जयंती वर्ष मना रहे होंगे, तब हम सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड के सपने को साकार होता हुआ देखेंगे। उन्हे प्रसन्नता है कि प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति इस संकल्प की पूर्ति के लिए सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रहा है। आज इस महासम्मेलन में आपका यह मुख्य सेवक आपको विश्वास दिलाता है कि मेरी सरकार उत्तराखंड में थारू समाज के विकास के लिए दिन–रात कार्य करती रहेगी। उन्होने नेपाल, बिहार, यूपी, धारचूला, मुनस्यारी, जौनसार, गदरपुर आदि कोने–कोने से आये थारू, बुक्सा, जौनसारी, आदिवासी लोगों का अभिनन्दन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने थारू समाज के साथ होली खेली व होली की शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने खटीमा में उत्तराखण्ड जनजाति एवं अन्तर्राष्ट्रीय थारू सम्मेलन 2023 के आयोजन हेतु शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने नेपाल देश से आये थारू समाज के लोगों का अभिनंदन करते हुये बधाई दी।

# गोपेश्वर में जनजातीय समुदाय के लोगों ने निकाली जनाक्रोश रैली

चमोली। सोशल मीडिया पर जनजातीय समुदाय पर अभद्र टिप्पणी करने से गुस्साए जनजातीय समुदाय के लोगों ने शनिवार को चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में जनाक्रेश रैली निकाली।

गोपेश्वर में निकाली गई जनाक्रेश रैली में विभिन्न विकासखंडों के जनजाति समुदाय की महिलाएं, पुरुष, युवा शामिल रहे। लोगों ने अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस बारे में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा गया। गोपेश्वर आंबेडकर भवन से निकली रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंची। यहां जनसभा कर सोशल मीडिया पर जनजातीय समुदाय पर अभद्र टिप्पणी करने की कड़ी निंदा की गई। साथ ही इस मामले में का-र्रवाई करने की मांग की गई। आक्रेशित लोगों ने जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया गया। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में जनजाति समुदाय, नीती माणा कल्याण समिति ने कहा कि सोशल मीडिया पर नीती–माणा घाटी के जनजातीय समुदाय पर आरोपी ने अभद्र, अमर्यादित टिप्पणी कर हमारे समाज की माता बहनों को अपमानित किया है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के सांस्कृतिक चाल चलन का भद्दा मजाक बनाया गया है। कार्रवाई के लिए 18 फरवरी को प्रथम सूचना भी दी गई थी। पर प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसपर जनजाति समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश और नाराजगी है। आक्रेशित लोगों ने कहा कि जल्द ही प्रशासन के द्वारा आरोपी पर कार्रवाई नहीं की गई तो 13 मार्च को विधानसभा भवन गैरसैंण का घेराव करेंगे और आन्दोलन तेज करेंगे, इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### ऋषिकेश पहुंचे तीर्थयात्रियों को पंजीकरण में मिले प्राथमिकता

ऋषिकेश। परिवहन संस्थाओं और ट्रेवल एजेंटों ने ऋषिकेश पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को प्राथमिकता के आधार पर पंजीकरण और धामों में दर्शन की सुविधा देने का मामला उठाया है।

कहा कि बीते साल वक्त पर पंजीकरण न होने से यात्रियों को दिक्कतें झेलनी पड़ी और कारोबार पर भी असर पड़ा। शनिवार को संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति कार्यालय में चारधाम यात्रा की तैयारी को लेकर परिवहन संस्थाओं और पंजीकृत ट्रेवल एजेंटों की संयुक्त बैठक में यात्रा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

## राजभवन में वसंतोत्सव के दूसरे दिन आयोजित हुई सांस्कृतिक संध्या




राजभवन देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने शनिवार को राजभवन में वसंतोत्सव–2023 के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक सन्ध्या का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। आज आयोजित सांस्कृतिक संध्या में उप्रेती बहनों, ज्योती व निरजा उप्रेती का गायन आकर्षण का केन्द्र रहा। उन्होंने अपने गायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने वसंत और होली पर आधारित सुंदर गीत प्रस्तुत किए। जिनमें ह्यआज बिरज में होली रे रसियाह्न, ह्यहोली कैसे खेलूं री मैं सांवरिया के संगह्न, ह्यउड़ जायेगा रे हंस अकेला, जीवन दो दिन का मेलाह्न शामिल थे।

सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रमों की श्रृंखला में भातखण्डे संगीत महाविद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। उन्होंने कृष्णलीला और होली पर आधारित कथक नृत्य प्रस्तुत किए जिसका उपस्थित दर्शकों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, हंस फाउंडेशन की प्रमुख माता मंगला एवं भोले जी महाराज, निदेशक उद्यान डॉ एच एस बावेजा, निदेश-ाक संस्कृति बीना भट्ट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बाहरी अभ्यर्थियों के विरोध में उतरी सरकारी नर्सिंग अफसर

देहरादून। नर्सिंग भर्तियों में बाहरी अभ्यर्थियों को मौका देने के विरोध में सरकारी नर्सिंग अफसर भी उतर गई है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को चिट्ठी लिखकर कोर्ट में सरकार द्वारा मजबूत पैरवी की मांग उठाई है। उत्तराखंड नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन की मीनाक्षी जखमोला, महामंत्री कांति राणा ने कहा कि नर्सिंग अधिकारी का प्रथम नियुक्ति का पद समूह ग में आता है, जो कि केवल उत्तराखंड के मूल निवासियों के लिए आरक्षित है। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया में उत्तराखंड से बाहर के अभ्यर्थियों का चयन न किया जाए। उन्होंने बेरोजगार नर्सिंग संघ द्वारा किए जा रहे आंदोलन का भी समर्थन किया है।

### एमपीजी कालेज के राजकीयकरण को मंत्री को सौंपा ज्ञापन

देहरादून। एमपीजी कालेज छात्रसंघ एवं एबीवीपी ने संयुक्त रूप से मसूरी दौरे पर आये प्रदेश के कबीना मंत्री गणेश जोशी को ज्ञापन देकर एमपीजी कालेज को राजकीय महाविद्यालय करने की मांग की। छात्रसंघ अध्यक्ष प्रीतम लाल, एबीवीपी के नगर मंत्री अमित पंवार के नेतृत्व में प्रदेश के कबीना मंत्री गणेश जोशी को ज्ञापन दिया गया जिसमें कहा गया कि एमपीजी कालेज महाविद्यालय नगर पालिका के माध्यम से चलाया जा रहा है जिस कारण कालेज का विकास नही हो पा रहा है। महाविद्यालय में जहां शिक्षकों की कमी है वहीं स्टाफ की कमी के साथ ही रोजगार परक विषयों का अभाव है। जिस कारण छात्रों का भविष्य अंधकार मय हो गया है। ज्ञापन में मांग की गई कि एमपीजी कालेज का राजकीयकरण किया जाय। ताकि महाविद्यालय का विकास हो सके व नये विषय व रोजगार परक विषय आने के साथ ही शिक्षकों की कमी दूर होगी ताकि छात्रों का भविष्य बनाया जा सके। मंत्री गणेश जोशी ने भरोसा दिलाया कि मसूरी के एमपीजी कालेज को राजकीय करण करने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर छात्रसंघ उपाध्यक्ष सौरव सिंह, विवि विद्यालय प्रतिनिधि मोहन शाही, सुमित भंडारी, उमेद चंद कुमाई, नगर सह मंत्री अमित रमोला, आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने किया वसंतोत्सव–2023 के अवसर पर राजभवन में लगी आर्ट गैलरी का अवलोकन





देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को वसंतोत्सव–2023 के अवसर पर राजभवन में लगी आर्ट गैलरी का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं। वसंतोत्सव के अवसर पर इस तीन दिवसीय आर्ट गैलरी में उत्तराखण्ड के चित्रकारों में मुख्य रूप से युवा ने उत्तराखण्ड के ग्रामीण जीवन, महिलाओं, लोक परंपराओं तथा संस्कृति से संबंधित पेंटिंग्स, फोटोग्राफी, स्केच आर्ट के फोटोग्राफ्स लगाए थे। उन्होंने सभी चित्रकारों तथा फोटोग्राफरों से बातचीत की तथा उनकी बेहतरीन कलाकारी व पेंटिंग्स के लिए उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने कहा कि चित्रकारों तथा फोटोग्राफर्स को राज्य की ग्रामीण संस्कृति, सामाजिक जीवन तथा पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के जीवन से संबंधित पेंटिंग्स तथा फोटोग्राफ्स बनाया जाना सराहनीय प्रयास है इन सब को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर ले जाकर उनका दुनिया से परिचय कराना चाहिए। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कई चित्रकारों की उत्तराखण्ड से संबंधित पेंटिंग्स खरीदकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने वसंतोत्सव में लगे औद्यानिक गतिविधियों से जुड़े गैर सरकारी संस्थाओं/स्वयं सहायता समूहों/स्थानीय उत्पादक संगठनों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण भी किया और जानकारी प्राप्त की। वसंतोत्सव के दौरान आज विशेषज्ञों द्वारा किसानों को जानकारियां उपलब्ध करायी गयी।

वहीं पुष्प उत्पादकों व पुष्प क्रेताओं के मध्य सीधे सामन्जस्य स्थापित करने हेतु उत्तराखण्ड औद्यानिक बोर्ड द्वारा क्रेता–विक्रेता सभा का आयोजन भी इस दौरान किया गया।

## दून अस्पताल में मनाया गया विश्व श्रवण दिवस , एमबीबीएस छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग की ओर से दून अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। एमबीबीएस छात्रों ने रैली निकाली, पोस्टर, क्विज एवं नारा लेखन प्रतियोगिता से बहरेपन से बचने के बारे में जागरूक किया।

विशेषज्ञों ने कहा कि कहा कि कान की सेहत को लेकर लोग लापरवाही करते हैं, जो बाद में नुकसानदेह होती है। बढ़ते ध्वनि प्रदूषण, लगातार ईयर, हेड फोन लगाने से श्रवण शक्ति प्रभावित हो सकती है। शोर–शराबे वाली जगहों से दूर रहे। ऊंचा सुनने, कान या सिर दर्द, कान बहने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करे। शुगर, बीपी, लकवा आदि भी बहरापन के कारण हो सकते हैं। कई बार कान के अंदर रूई, ईयर बड्स, तेल, तीली डालकर कान की सफाई करते हैं, यह असुरक्षित है। विभागाध्यक्ष प्रो. डा. भावना पंत ने कहा कि विभाग में अत्याधुनिक ऑडियोलॉजी लैब बनी है, श्रवण हानि, बहरेपन के निदान एवं उपचार के लिए सभी जांचें, यहां तक कि नवजात शिशुओं के लिए ओटोक्योस्टिक इमिसन एवं बेरा जांच की सुविधा उपलब्ध है। इस दौरान पूर्व एमएस डा. केसी पंत, डिप्टी एमएस डा. धनंजय डोभाल, डा. पीयूष त्रिपाठी, डा. विकास सिकरवार, डा. नितिन शर्मा, डा. रिक्ता रॉय समेत पीजी एवं एमबीबीएस छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। उधर, कोरोनेशन अस्पताल में भी ईएनटी विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को अपने कान की सेहत को लेकर सजग रहने की अपील की गई।

### जल्द बड़े पर्दे पर नजर आएगी गढ़वाली फिल्म जोना

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक के बुड़ोगी, डिबनू, जसपुर सहित कई अन्य गांव में इन दिनों गढ़वाली फिल्म जोना की शूटिंग की जा रही है, फिल्म की शूटिंग आखिरी चरण में पहुंच गई है। दर्शकों के लिये जल्द फिल्म सिनेमा घरों में नजर आएगी।

### भानियावाला सब डिविजन पर मुकदमा

ऋषिकेश। पिथौरागढ़ का एक शख्स अठूरवाला स्थित मोलधार में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट से झुलसने के चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। युवक की पत्नी ने ऊर्जा निगम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दी। इस पर पुलिस ने ऊर्जा निगम के भानियावाला सब डिविजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक प्रमोद सिंह निवासी ग्राम गुमा किराण, गंगोलीहाट, पिथौरागढ़ यहां मोलधार क्षेत्र में पहुंचा था। इस बीच वह संदिग्ध परिस्थितियों में विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। झुलसी हालत में आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया।

## सीडीओ बोले, जी 20 के कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी

नई टिहरी। जी–20 सम्मेलन के लिए विभिन्न विभागों के किये जा रहे कार्यों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट को लेकर सीडीओ मनीष कुमार से सम्बंधित अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली। सीडीओ ने कामों की प्रतिदिन रिपोर्ट देने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी समय से कामों को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। वर्चुअल बैठक में जी 20 के कामों की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने कहा कि संबंधित अधिकारी किसी भी संशय का समयान्तर्गत समाधान कर आपसी समन्वय से आवंटित कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारियों से समन्वय करते हुए प्रतिदिन के कार्यों की दैनिक रिपोर्ट 4 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों के पूर्व और कार्य पूर्ण होने के बाद के फोटोग्राफ्स कार्यालय अभिलेखों के रूप में रखना सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित विभागों से समन्वय कर समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्यों को लेकर तत्काल रिपोर्ट देना कार्य शुरू कर दें। सीडीओ ने क्रमवार लोक निर्माण विभाग, पंचायतराज विभाग, कृषि, लघु सिंचाई, उरेडा, विद्युत, उद्यान, सहकारिता, पशु चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन, सूचना, आरडब्लूडी, बाल विकास, मत्स्य आदि विभागों के अधिकारियों के साथ अद्यावधि तक किये कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा। सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से अद्यावधि किये गये कार्यों एवं शेष कार्यों की जानकारी दी। शेष कार्यों को अविलंब पूर्ण करने को कहा। जी–20 कार्यक्रम के दृष्टिगत समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण करवाने के लिए तैनात किए गये चारों नोडल अधिकारियों को कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### कर्णप्रयाग में वीसी नेगी को दी श्रद्धाजंलि

चमोली। विक्टोरिया क्रॉस विजेता दरवान सिंह नेगी को उनकी 140वीं जयंती पर कर्णप्रयाग और कफारतीर में श्रद्धाजंलि दी गई। शताब्दी समारोह आयोजन समिति के महासचिव भुवन नौटियाल ने बताया कि पहाड़ में रेल और शिक्षा की अलख जगाने वाले नेगी के गांव में संग्राहालय बनाए जाने का सपना अब भी अधूरा है। यही नहीं केंद्रीय विद्यालय, चाय बागान सहित कई घोषणाएं आज भी पूरी नहीं पाई है।

# अवैध कटान, अवैध प्लाटिंग, अवैध अतिक्रमण की शिकायतों पर डीएम ने किया विकासनगर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने तहसील विकासनगर क्षेत्र अंतर्गत पेड़ों के अवैध कटान, अवैध प्लाटिंग, अवैध अतिक्रमण की शिकायतों पर आज खैरीगांव प्रेमनगर, कंडोली, भूरपुर मौजा ईस्ट हॉपटाउन एवं ढकरानी में उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम के क्षेत्र, पुल संख्या नवाबगढ आदि स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उहोंने उपस्थित अधिकारियों को अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने के आवश्यक दिशा– निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नहर किनारे अवैध कब्जाधारियों पर कार्यवाही करने तथा कब्जामुक्त करते हुए निगम की भूमि पर घेरबाड़ करने एवं नदी तटीय क्षेत्र में अवैध रूप रह रहे लोगों का सत्यापन करने तथा किसी प्रकार का संदिग्ध व्यक्ति न हो इसका भी कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने खैरीगांव प्रेमनगर एवं कंडोली के निरीक्षण के दौरान उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फलदार वृक्षों का कटान न हो इसके लिए टीमों द्वारा मौके पर नियमित निरीक्षण किया जाए, बिना अनुमति के काटे गए पेड़ों पर संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कंडोली में हो रही प्लाटिंग का निरीक्षण करते हुए उप जिलाधिकारी विकासनगर को निर्देशित किया कि मौके पर पूर्ण जमीन नापजोख करें, खरीदी गई भूमि से अधिक भूमि पर कब्जा होने पर भूमि को कब्जामुक्त करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाए। साथ ही पेड़ों के अवैध कटान पर प्रभागीय वनाधिकारी,उप जिलाधिकारी एवं जिला उद्यान अधिकारी को जांच करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कंडोली में नाला पाटकर प्रतीत हो रही प्लॉटिंग में जिलाधिकारी ने जांच के निर्देश उप जिला अधिकारी विकासनगर को दिए। भुरपुर मौजा ईस्ट हॉप्टाउन में 02 पेड़ो की अनुमति पर 02 अधिक पेड़ काटे जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने मौके पर निरीक्षण करते हुए उद्यान विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा किसी भी प्रकार की वृक्ष कटान पर शिकायत आने पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होनें अवैध पेड़ कटान करने वालो के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही करने को निर्देशित किया। भुरपुर इस्टहोपटाउन में की जा रही अवैध प्लाटिंग का भी निरीक्षण किया ।

# होली की तैयारियों को सजा बाजार, स्वदेशी उत्पादों की बढ़ी डिमांड

## होली की तैयारियों को लेकर सजा कोटद्वार व भाबर का बाजार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** होली पर्व की तैयारियों को लेकर कोटद्वार व भाबर के बाजार सज चुके हैं। बजार विभिन्न रंग, कपड़ों व खाने की वस्तुओं से सज चुका है। खास बात यह है कि त्योहार सीजन में चाइनीज उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पादों की डिमांड अधिक नजर आ रही है। बाजार में बच्चों के लिए भी आकर्षक पिचकारी, वाटर पंच वैलून, स्प्रे कलर उपलब्ध हैं।

आठ मार्च को होली मनाई जाएगी। ऐसे में बाजारों ने भी होली के रंग में रंगना शुरू कर दिया है। ग्राहकों की मांग को देखते हुए बाजार में स्वदेशी गुलाल, हर्बल रंगों की अधिकता देखने को मिल रही है। घरों पर गुझिया, चिप्स व अन्य पकवान बनाने के लिए सामग्री खरीदने के लिए भी महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। व्यापारी मनोज सिंह, रमेश कुमार ने बताया कि बच्चों की वाटर पंच वैलून को छोड़ दें तो अधिकांश सामान स्वदेशी ही है। ग्राहकों की डिमांड का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। धीरे–धीरे ग्राहक भी होली की खरीदारी करने को बाजार में पहुंचने लगा है। बाजार में खुला गुलाल बीस से सौ रुपये किलो तक है। पैक गुलाल दस से बीस रुपये, स्नो स्प्रे बीस से सौ रुपये तक, हर्बल स्प्रे 120 रुपये तक उपलब्ध है। बच्चों की पिचकारी पचार से दो सौ रुपये तक की



कोटद्वार के झंडाचौक में सजी रंगों की दुकान

## रिफ्रैशर कोर्स 18 से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गढ़वाल मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन से जुड़े समस्त चालकों, जिनका लाइसेंस रिन्यू होना है, के लिए दो दिवसीय रिफ्रैशर कोर्स का आयोजन 18 व 19 फरवरी को संपन्न होगा। कोर्स जीएमटी भवन में संपादित होगा। इस दौरान चालकों की निशुल्क नेत्र जांच की जायेगी। यह जानकारी देते हुए जीएमटी अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने सभी चालकों से किसी भी कार्य दिवस में अपने लाइसेंस की फोटो कापी जमा करवाने व कोर्स में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## मानव तस्करी व बाल विवाह के प्रति किया जागरूक

**पौड़ीः** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के सभी ब्लॉकों में मानव तस्करी व बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं सहित लोगों को मानव तस्करी एवं बाल विवाह के बारे में जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मानव तस्करी और विवाह के प्रति जन जागरूकता अभियान में जिले के सभी ब्लाकों में 897 कार्यक्रमों के माध्यम से 6142 प्रतिभागियों को जागरूक किया गया।

## पौड़ी में स्कूल के बच्चों ने मनाई होली

**कोटद्वारः** होली पर्व को लेकर होल्यार इन दिनों पौड़ी व आस पास के क्षेत्रों में एक दूसरे एक दूसरे पर खूब रंग बरसा रहे हैं। वहीं स्कूली बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल, अबीर लगाकर होली का आगाज कर दिया है।

मुख्यालय पौड़ी में शनिवार से स्कूलों में होली पर्व को लेकर रविवार समेत चार दिवसीय अवकाश घोषित हो गया है। जिसको लेकर स्कूली बच्चों ने शनिवार को ही स्कूल में जमकर होली मनाई। स्कूली बच्चों ने एक दूसरे पर गुलाल, अबीर लगाकर जमकर होली मनायी। शहर के सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर, बीआर मॉडल स्कूल समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने स्कूल में जमकार होली मनायी। वहीं पौड़ी समेत पाबौ, पैठाणी, सतपुली आदि क्षेत्रों में होल्यारों ने परंपरिक लोक गीतों के माध्यम से होली का रंग जमाया। वहीं जिला मुख्यालय पौड़ी में इन दिनों बाजार होली के विभिन्न प्रकार को रंगों व पिचकारियों से सजे हुए हैं। इन दिनों बाजार होली के रंगों से सजे हुए हैं।

## सब्जियों से हर्बल रंग तैयार कर रही महिलाएं

ऋषिकेश। होली का त्योहार नजदीक आते ही रंगों की डिमांड बढ़ गई है। इन दिनों लोग हर्बल रंगों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसको देखते हुए रानीपोखरी में महिलाएं सब्जियों के रस से हर्बल गुलाल बनाने में लगी हैं। महिलाओं को उम्मीद है कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में होली पर हर्बल गुलाल अधिक बिकेगा। रानीपोखरी, जौलीग्रांट के कान्हरवाला में नई आशा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 11 महिलाएं इस कार्य में लगी हैं। यह महिलाएं फूलों की पंखुड़ियों, गुलाब जल, चंदन, चुकंदर, पालक आदि सब्जियां से गुलाल तैयार कर रही हैं।

यह देखने में बेहद आकर्षक तो है ही, साथ ही त्वचा को भी किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाता। समूह की अध्यक्ष आशा सेमवाल ने बताया कि हरे रंग के लिए पालक, धनिया, पीले रंग के लिए हल्दी, गुलाबी रंग के लिए गुलाब, लाल रंग के लिए चुकंदर को बारीक पीसकर उसका रंग निकाला जाता है। रंग के साथ तुलसी, चंदन आदि अन्य सामग्री डालकर सूखने के बाद इसे बारीक पीस कर उसमें बारीक आरारोठ मिला कर गुलाल तैयार किया जाता है। यही महिलाएं दीपावली के समय में मोमबत्ती, गोबर से दिए बनाती हैं,

## जंगलों में आग से जानवरों को हो रहा नुकसान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल में उत्तराखंड साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के समन्वयक जंतु विज्ञान प्रो. सुशील भदूला ने कहा कि राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य जंगलों में लगने वाली आग से जंगली जानवरों और पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए सभी को जागरूक करना है।

शनिवार को राजकीय डिग्री कालेज वेदीखाल में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सुयेश रावत ने कहा कि जंगलों ने लगने वाली आग से वन्य जीवों के साथ पर्यावरण को बचाना आम लोगों का कर्तव्य हैं। उन्होंने यहां भी कहा कि कुछ वर्षों से देखने को मिल रहा रहा हैं। आग से बाघ, भालू, जंगली सूअर ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। जिससे वो मानव जाति के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। महाविद्यालय वेदीखाल के प्राचार्य डीपी भट्ट ने संगोष्ठी में कहा कि वन हमारे राष्ट्र की अनमोल धरोहर है। जिसका संरक्षण करना हमारा कर्तव्य हैं। थलीसैंण डिग्री कालेज की प्राचार्य डा. रेनू बंसल ने भी पर्यावरण को बचाने के लिए हमें जनजारूकता अभियान चला कर स्थानीय लोगों को शामिल करना होगा। इस अवसर डॉ. मोहित शर्मा, डा. दुदुन मेहता, सुशील भाटी, कृष्ण कुमार, पुष्पेश, अवतार सिहं नेगी, गजराज सिंह, अनुपमा त्यागी, सतीश चंद्र, भूपेन्द्र कुंवर, विश्वाश बरनी, अतुल सिंह, महेन्द्र सिंह रावत, राजपाल सिंह चौहान, राजपाल सिंह चौहान, महेन्द्र सिंह रावत ने किया

## बच्चों को बेहतर भविष्य की दी सीख

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः करियर गाइडेंस एवं काउंसिलिंग कार्यक्रम के तहत राजकीय इण्टरमीडिएट कॉलेज जगतेश्वर में अतिथियों ने छात्र–छात्राओं को कई जानकारियां दी।

स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने विभिन्न प्रकार से अपने भविष्य को संवारने की सारगर्भित जानकारी छात्र–छात्राओं को दी। उन्होंने पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, मैती आंदोलन पर भी विस्तृत व्याख्यान दिया।

उन्होंने अपने छात्र जीवन से लेकर अब तक के कई प्रेरणादायक संस्मरण भी छात्र छात्राओं को सुना कर उनमें उत्साह एवं जोश भर दिया। भारत की ब्रह्मोस मिसाइल कार्यक्रम के महानिदेशक ओमप्रकाश सिंह राणा ने भी बच्चों को उनके करियर के बारे में टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों को चरित्र निर्माण, व्यसनों से दूर रहने, समाज व देश सेवा के लिए तत्पर रहने की बात अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद संभावित सेवाओं के बारे में बच्चों को बताया व तैयारी के गुर सिखाए।

इस मौके पर प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह नेगी ने छात्र–छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया।

वीर चंद्र सिंह गढ़वाली औद्यानिकी एवं वानिकी विवि भरसार के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. तेजस भोंसले ने विवि भरसार में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि कृषि वानिकी एवं औद्यानिकी आने वाले समय की मांग है!

छात्र–छात्राओं को स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न जानकारियां देते हुए कहा कि विवि यहां के क्षेत्रीय उत्पादन को विश्व स्तर तक पंहुचाने की क्षमता रखता है। विवि के ही युवा वैज्ञानिक डा. पारस ने भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देते हुए बताया कि उचित मार्गदर्शन के अभाव में कई बार प्रतिभावान छात्र छात्राएं भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो पाते हैं।

बंगाल सैपर्स से सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक एवं स्कूल के शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष अमर सिंह रावत ने भी पोखरण परमाणु परीक्षण के समय के अपने संस्मरण साझा कर छात्र–छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर बाल सखा प्रकोष्ठ प्रभारी हर्षवर्धन भट्ट, शशि पंत, रजनीश सेमवाल, दिवाकर पोखरियाल, रजनी नेगी मालती रावत, अशोक खण्डूरी, अंजना, संतोषी, सुनील पंत, शमशुद्दीन, शशि बिष्ट, साजिद अली, सत्यपाल बिष्ट, विजय चौहान, संतोष सजवाण, पंकज रावत, राजेंद्र रौथाण, आशा देवी, गुड्डी देवी मनोहर रौथाण आदि शामिल थे।

## उपखनिज के फर्जी रवन्नों पर मुकदमा

ऋषिकेश। नगर क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर तहसील टीम चेकिंग में लगी है। फर्जी रवन्नों की जरिए क्षमता से अधिक उपखनिज ले जाते हुए दो ट्रक टीम ने पकड़े हैं। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालकों के खिलाफ धोखाधाड़ी और षड्यंत्र रचने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल ट्रक पुलिस के कब्जे में हैं। जबकि, अज्ञात चालकों की पहचान को पुलिस ने प्रयास तेज कर दिए हैं।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक लालतप्पड़ के नजदीक डोईवाला तहसील की टीम अवैध खनन की जांच को वाहन चेकिंग में लगी थी।

इस बीच उपखनिज से लदे दो ट्रक रोककर रवन्नों की जांच की गई, इसमें रवन्ने फर्जी मिले। ट्रकों में निर्धारित क्षमता से अधिक उपखनिज भरा मिला। चालक मौके से फरार हो गए। ट्रकों को कब्जे में लेकर टीम ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## मानसिक व सामाजिक तौर पर मजबूत हो महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि महिलाओं को मानसिक व सामाजिक तौर पर मजबूत होने की अवश्यकता है। महिलाओं को अपने हक के लिए आवाज उठानी चाहिए। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश की बेहतर विकास में अपना योगदान दे रही हैं।

शनिवार को कोटद्वार सुखरो स्थित एक बारात घर में पतंजलि विश्व विद्यालय की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर किया। एक दिवसीय ट्रेनिंग सेंटर में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर शरारिक, मानसिक एवम वैलनेस ट्रेनिंग ली। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने भी महिलाओं व विद्यालय की छात्राओं के साथ योगासन, प्राणायाम का अभ्यास किया। एक दिवसीय शिविर में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित ऋतु खंडूरी भूषण ने कहा की महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तौर पर मजबूत होना चाहिए।उन्होंने कहा की शारीरिक ट्रेनिंग शारीरिक शक्ति, स्थायित्व, फिटनेस और संतुलित आहार पर ध्यान केंद्रित करती है। मानसिक ट्रेनिंग में मानसिक शक्ति, स्थिरता, चित्तशुद्धि और स्वस्थ मानसिक स्थिति को बढ़ाया जाता है तथा वेलनेस ट्रेनिंग में स्वस्थ जीवन शैली, संतुलित आहार और शारीरिक तथा मानसिक स्थिरता के लिए अभ्यास किया जाता है। उन्होंने कहा की महिलाएं इन ट्रेनिंग कार्यक्रमों में भाग लेकर अपने शरीर और मन को स्वस्थ रखने में मदद कर सकती हैं। यह उन्हें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए सक्षम बनाता है और उनके स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने में मदद करता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की बाबा रामदेव ने योग के माध्यम से भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने योग को एक आधुनिक रूप दिया है और योग के स्वास्थ्य लाभों को लोगों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग के महत्व को जागरूक करने के लिए अपने पातंजलि योगपीठ के माध्यम से अनेक योग शिविर आयोजित करते है। कार्यक्रम में शोभा रावत, सोनिया ध्यानी,आरती खंतवाल,अनिता कंडारी,कुसुम ध्यानी, डॉ भागीरथी, डॉ शिल्पी, डॉ प्रवीण पुनिया,निरुबला खंतवाल आदि मौजूद रहे।

## जनसमस्याओं का गंभीरता से करें निराकरणः ऋतु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने आज कोटद्वार झंडाचौक स्थित अपने कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी व सभी विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर बैठक की।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जन समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के विकास से लेकर विभिन्न विषयों पर जिलाधिकारी से बातचीत की। जिसमें ट्रेचिंग ग्राउंड की समस्या, मोटर नगर के निर्माण, पेजल ,बिजली की समस्या सहित बाईपास रोड एवं तहसील के पुनर्निर्माण को लेकर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने जल



कोटद्वार में अधिकारियों की बैठक लेते विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडू भूषण

संस्थान से बैठक में गर्मियों में पानी की पूर्ण आपूर्ति को लेकर जरूरी निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने अधकारियों को क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त को चौराहों के सौदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था, तथा कूड़ा निस्तारण और शहर की सफाई रखने के जरूरी दिशा निर्देश और सुझाव दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने जिलाधिकारी आशीष चौहान से कोटद्वार के प्रवेश द्वार की जानकारी ली उन्होंने कहा की कोटद्वार गढ़वाल के द्वार के नाम से जाना जाता है इसलिए कोटद्वार का प्रवेश द्वार भव्य और आकर्षक होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कोडिया के प्रवेश द्वार के संबंध में बताया की प्रवेश द्वार के लिए जमीन चिन्हित की जा रही है और सरकारी जमीन ना होने की वजह से प्रशासन द्वारा प्रवेश द्वार के लिए जमीन क्रय की जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कण्वाश्रम को स्वच्छ आइकॉनिक प्लेस के तौर पर विकसित करने को कहा। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने लोकनिर्माण विभाग को सड़क बनाने से पूर्व सर्वे करने के सख्त निर्देश दिए उन्होंने कहा की बिना आबादी वाले क्षेत्रों में सड़को का निर्माण किया जा रहा है जिसकी कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने आबादी वाले क्षेत्रों में सड़को के निर्माण में प्राथमिकता दिए जाने के सख्त निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन से कोटद्वार में नशाखोरी और अवैध शराब व अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी आशीष चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**कोटद्वारः** इनरव्हील क्लब कोटद्वार की ओर से होली मिलन व महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किय गया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऋतु खंडूडी भूषण ने किया। इस दौरान क्लब ने अपने आठ माह में किए गए विभिन्न कार्यो को प्रस्तुत किया। क्लब की अध्यक्ष राजकमल माहेश्वरी व सचिव लतिका गोयल ने कहा कि क्लब पिछले कई वर्षों से सामाजिक कार्यो में अपना योगदान दे रहा है। विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले छह सौ विद्यार्थियों को ड्रेस वितरण व वाटर कूलर एवं फरवरी माह में शिविर का आयोजन भी किया गया था। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने क्लब के कार्यों की सराहना की। क्लब के सदस्यों ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही दिव्यांगों के हित को लेकर भी कार्य करेंगे। इस मौके पर मीनाक्षी शर्मा, शिल्पी अग्रवाल, रितू अग्रवाल, रश्मि त्रिपाठी, नीना, अर्चना भाटिया, सोनिया अग्रवाल, सीमा उपाध्याय, प्रभा पोखरियाल, कांता अग्रवाल, बीमा इलाहवादी, राजवाला अग्रवाल, रुची विज, संगीता सुंदरियाल, प्रीति कुलाश्री, प्रतिभा अग्रवाल, मीना अग्रवाल, शशी अग्रवाल, साधना त्रिपाठी, शिल्पी अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, विभी बत्रा, आरती खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

## भारत तिब्बत सहयोग मंच ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भारत तिब्बत सहयोग मंच महानगर की ओर से मंच के नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन और होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रदेश मंत्री भारत तिब्बत सहयोग मंच महिला मोर्चा संयोजिका लीला कर्णवाल के आवास पर आयोजित किया गया।

जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुंडलिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री धर्मवीर सिंह गुसाई ने कहा कि मंच के सदस्य कर्तव्य निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने के काम में लगे हैं। यह वर्ष भारत तिब्बत सहयोग मंच का रजत जयंती वर्ष है। कहा कि 5 मई को धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में रजत



होली मिलन समारोह में भाग लेते मंच के सदस्य

जयंती वर्ष का भव्य समारोह आयोजित होगा। मौके पर सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया साथ ही एक दूसरे को होली की शुभकानाएं भी दी गई। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष रानी नेगी, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा दीपक बजरंगी, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट नागेंद्र जोशी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा शशि बाला केष्टवाल , जिला महामंत्री उमा नेगी ,महानगर अध्यक्ष कुलदीप सिंह रावत और महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा नरेंद्र चौहान सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाविद्यालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवें एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया।

इस दौरान स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

कैंप का आरंभ एन.एस.एस सॉन्ग, राष्ट्रगान तथा स्वयंसेवियों द्वारा व्यायाम के साथ किया गया तत्पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण एवं एन.एस.एस कार्यालय की साफ–सफाई की गई इसके पश्चात बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ जिसमें स्वयंसेवियों ने पर्यावरण प्रदूषण तथा इंटरनेट के लाभ व दुष्प्रयोग विषय पर विचार व्यक्त किये साथ ही अपने वर्षभर के



कोटद्वार में आयोजित एनएसएस शिविर में भाग लेते विद्यार्थी

एन.एस.एस के अनुभव साझा किये। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार द्वारा स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहकर राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रोशनी असवाल द्वारा स्वयंसेवकों को आगामी सात दिवसीय विशेष शिविर हेतु मार्गदर्शन किया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनएसएस के स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# सीएम धामी ने किया बनबसा एवं टनकपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रतिभाग







चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को चंपावत के बनबसा एवं टनकपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने होली को आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व बताया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की होली अपने आप में विशिष्ट पहचान रखती है। होली में बड़े–छोटे का भेद नहीं रहता। सब एक समान रंगों में सराबोर होकर खुशी व आनंद से होली मनाते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों को होली की बधाई देते हुए सभी की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि होली के रंगों की तरह सभी के जीवन में सात रंगीय हर रंग घुले रहे मिलें रहें, सभी के जीवन को सुखमय बनाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी धर्मपत्नी गीता धामी के साथ शनिवार को चंपावत जिले के रामलीला मंच, डेविड पेंटर, हाईस्कूल गुदमी बनबसा एवं टनकपुर स्थित गांधी मैदान में पहुंचकर होली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। होली मिलन कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष होली गायकों के साथ मिलकर विशेष रूप से लोहाघाट से आई महिलाओं, पुरुषों के साथ मुख्यमंत्री द्वारा होली गायन किया और होली के सराबोर में झूमें। उन्होंने टनकपुर गांधी मैदान में आए लोहाघाट के महिला एवं पुरुषों की होली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तराखंड में प्रथम ऐसी होली होगी जो लोहाघाट के होल्यारों द्वारा गाई जाती है। हरेला क्लब सांस्कृतिक क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन करते रहता है इसके लिए उन्हें बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर उन्होंने सभी बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं से मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है इससे जीवन में खुशी बढ़ती है। होली हमारी संस्कृति एवं परंपरा है। सरकार ने हाल ही में पीसीएस परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मां पूर्णागिरी, मां शा-रदा, गोल्जू के आशीर्वाद तथा यहां के लोगों के सहयोग से सरकार ने एक के बाद एक बड़े फैसले लिए है। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून केवल और केवल प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए है न कि किसी स्कूल और कॉलेज की परीक्षाओं के लिए। केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियां सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए भविष्य में भी जो सुझाव आएंगे उन्हें भी हमारी सरकार आवश्यकतानुसार लागू करेगी। राज्य सरकार अंत्योदय के मंत्र पर कार्य करते हुए अंतिम व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ रही है। विकसित उत्तराखंड का जो स्वप्न हमने देखा है, उसके लिए हम एक विजन को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हमारा संकल्प है राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष तक उत्तराखंड को भारत का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना और यह हमारा हृहृविकल्प रहित संकल्पहृहृ है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी अंत्योदय कार्ड धारकों के साल में 3 सिलेंडर मुफ्त में रिफिल किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में महिलाए, स्वयं सहायता समूहों के साथ ही विभिन्न माध्यम से अपनी आजीविका चला रही है और अन्य लोगों को भी रोजगार दे रही है।

इस अवसर पर विभिन्न गांवों से आए होली गायक स्थानीय जनता, नगर पंचायत अध्यक्ष बनबसा रेनू अग्रवाल, टनकपुर विपिन कुमार लोहाघाट गोविन्द वर्मा, प्रदेश भाजपा मंत्री हेमा जोशी, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट सहित जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह भंडारी, पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव, सीडीओ आरएस रावत, एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, एसडीएम सुन्दर सिंह, रिंकू बिष्ट सहित अनेक लोहाघाट रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जीवन सिंह मेहता स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# गौशाला पहुंचे पूर्व सीएम ने गौमाता की महाआरती की




सितारगंज। पूर्व मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी अपने कुमाऊँदौरे पर भ्रमण के दौरान श्रीकृष्ण प्रणामी महाराजा अग्रसेन गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने गौभक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार आई है तब से भारत की कीर्ति विश्वस्तरीय बढ़ी है। और प्रधानमंत्री मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने का जो संकल्प लिया, उसमें हर पल कामयाबी की और बढ़ रहे हैं।

उसी लगन के साथ गौपालन में भी वृद्धि हुई है। गाय को पालने से उसकी सेवा से पुण्य के साथ साथ दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। उत्तराखंड में जगह जगह गौशालायें बनी हुई हैं। सितारगंज की गौशाला बहुत सुन्दर स्वच्छित व व्यवस्थित है। इसके लिए गौशाला संचालनकर्ता बधाई के पात्र हैं। गौशाला के अध्यक्ष शीतल सिंघल व महामंत्री महेश मित्तल ने बताया कि भगत दा ने गौशाला परिसर का भ्रमण कर गौमाता की महाआरती की।

इसके बाद गायों को हरा चारा भी खिलाया। इस मौके पर शिवकुमार मित्तल, रोशन लाल अग्रवाल,रतन लाल गुप्ता,कमल जिन्दल,कृष्ण कुमार गर्ग, सुरेश अग्रवाल, सुरेश सिंघल, भाजपा नेता पलविन्दर सिंह, अजीत सिंह जोशन,उमाशंकर दूबे, नरेश कंसल, राकेश त्यागी,

आदेश ठाकुर, सतीश उपाध्याय उमेश अग्रवाल, के बी अग्रवाल, अनिरुद्ध राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, आनन्द बल्लभ भट्ट,अरविन्द चोरसिया,सोनू गुप्ता,दयानन्द तिवारी,राजेश जिन्दल,राजू नगदली,बीना साहू, मीना अरोरा,ललिता पंवार,जया जोशी,सुमन राय आदि उपस्थित रहे।

## वनभूलपुरा में इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी आग

हल्द्वानी। वनभूलपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक इलेक्ट्रॉनिक के शोरूम में बिजली के शॉर्ट–सर्किट से आग लग गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस व अग्निशमन की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पर तब तक लाखों का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस के मुताबिक देर रात चोरगलिया रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक के शोरूम में आग लग गई।

आवाजाही कर रहे लोगों ने शोरूम से धुआं उठता देख इसकी सूचना शोरूम मालिक व अग्निशमन विभाग को दी। इसके बाद शोरूम स्वामी ने आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। इस बीच एसओ नीरज भाकुनी व एफएसओ गोविंद राम आर्य भी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# जनता दरबार में कुमाऊं कमिश्नर ने सुनी जन समस्याएं

### अधिकारियों को दिए समस्याओं के समाधान के लिए दिशा–निर्देश

हल्द्वानी। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने जल संस्थान के अधिकारियों को शहर में लीकेज की लगातार मॉनिटरिंग कर व्हाट्सएप पर हर रोज 12 बजे कमिश्नर कार्यालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों से नैनीताल शहर में पानी के कनेक्शनों का सर्वे कर अवैध कनेक्शन देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का इंतजार न करें। अधिकारी प्रो–एक्टिव होकर कार्य करें। स्वयं फील्ड में जाकर स्थलीय कार्यों की मॉनिटरिंग करें।

कैंप कार्यालय हल्द्वानी में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में कुमाऊं कमिश्नर ने जन समस्याएं सुनने के साथ ही अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए दिशा–निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर आग बुझाने के हाइड्रेंट लगे हैं, उनकी भी जांच की जाए। टंकियों में पानी समाप्त होने पर वैकल्पिक व्यवस्था से कितने समय में हाईड्रेंट में पानी की आपूर्ति की जा सकती है इसकी भी जानकारी दी जाए।

**पुत्रों से भरण–पोषण खर्चा दिलाए जाने की मांग को लेकर पहुंची बुजुर्ग महिला**

जनता दरबार में मोटाहल्दू निवासी बुजुर्ग राधिका देवी दोनों पुत्रों से भरण–पोषण खर्चा दिलाए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि परगना मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी ने पूर्व में भरण–पोषण का खर्चा दिए जाने के आदेश दिए हैं। मामले में मंडलायुक्त ने परगना मजिस्ट्रेट को आदेश का अनुपालन कराने के निर्देश दिए। जनता दरबार में काफी संख्या में भूमि विवादों से जुड़ी समस्याएं लेकर लोग पहुंचे। इस पर कमिश्नर ने अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह दस्तावेजों की सही ढंग से जांच के बाद ही जमीनों की खरीद–फरोख्त करें।

**शिकायत के बाद कॉलोनी के झूलते तार सही हुए**

ग्राम विकास समिति गोविन्दपुर गढ़वाल के लोगों ने विगत शनिवार को कॉलोनी में झूलते तारों व ट्रांसफार्मर से खतरे की शिकायत दर्ज कराई थी।

# अणां व कपकोट के जंगल में धधकी आग



बागेश्वर। जिले के जंगलों में आग लगने की घटना लगातार बढ़ रही है। गरुड़ के अणां व कपकोट के नीली का जंगल दो दिन से धधक रहे हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है, ग्रामीण खुद ही आग बुझाने में जुट गए हैं। उन्हें आग के रिहायशी क्षेत्र में आने का खतरा बढ़ने लगा है। अब तक दस हेक्टेयर जंगल जल चुके हैं। एक सप्ताह के भीतर जिले के काफलीगैर, गरुड़, धरमघर रेंज के जंगलों में आग लग गई। आग को वन विभाग, दमकल विभाग ने किसी तरह काबू किया। शुक्रवार से एक बार फिर अणां के जंगल में आग लग गई। ग्रामीण आग बुझाकर घर भी नहीं पहुंच रहे अराजक तत्व दोबारा जंगलों में आग लगा रहे हैं। कपकोट में पहली बार जंगलों में आग दिखी। नीली के जंगल में भी दो दिन से आग लगी है। तेज हवा के कारण आग पर काबू पाना भी कठिन हो रहा है। लगातार सुलग रहे जंगल से ग्रामीण परेशान हैं। महिलाएं आग के चलते चारा पत्ती के लिए जंगल तक नहीं जा पा रही हैं। वन क्षेत्राधिकारी सुंदर सिंह नेगी गरुड़ व कपकोट के नारायण पांडे ने बताया कि जंगल में आग लगने की सूचना के बाद वन विभाग की टीम को आग बुझाने के लिए मौके पर भेज दिया गया है। जल्द आग पर काबू पा लिया जाएगा।

## डायट के शिक्षक रहे अवकाश पर

बागेश्वर। टीचर एजुकेटर फोरम के आह्वान पर शिक्षक–प्रशिक्षक संवर्ग की नियमावली अभी तक प्रख्यापित नहीं हो सकी है। जिसके विरोध में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहे। उन्होंने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। शीघ्र एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चयेतावनी दी।

शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर अकादमिक अभिकर्मियों ने सभा की। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रेम सिंह मावड़ी ने कहा कि राज्य में वर्तमान तक शिक्षक–प्रशिक्षक संवर्ग की नियमावली नहीं बन सकी है। भारत सरकार की गाइडलाइंस का उल्लंघन किया जा रहा है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में होली उत्सव मनाया गया



सितारगंजः आज सरस्वती शिशु मंदिर सितारगंज के प्रांगण में होली उत्सव विद्यालय के भाई, बहनों तथा आचार्यगणों के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सम्मिलित होकर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा होली के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश कंसल ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहां कि रंगो के त्योहार होली को प्रेम पूर्वक वह सदभाव पूर्वक मनाया जाना चाहिए।

वही बच्चों ने होली का गीत उड़े रे गुलाल आदि होली के गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया और होली का खूब लुफ्त उठाया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा मिष्ठान वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेश कंसल, प्रबंधक शिवपाल चौहान, पवन वारसीवॉल, उपाध्यक्ष पंकज गहतोड़ी, अमन पांडे, रेखा गंगवार, किरण गोस्वामी सहित समस्त छात्र–छात्राएं तथा अभिभावकगण मौजूद रहे।

# सब्जी के कैरेटों में छिपाकर रामपुर ले जाया जा रहा 69 किलो गांजा बरामद

अल्मोड़ा। जनपद में गांजा तस्करी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सब्जी की क्रेटों में गांजा छिपाकर तस्करी कर रहे शातिर दो तस्करों को सल्ट पुलिस और एसओजी की टीम ने दबोच लिया। क्रेटों से पुलिस ने 69.025 किलो गांजा बरामद किया। दोनों को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को एसओजी और सल्ट पुलिस ने क्षेत्र के पेसिया बैंड के पास चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान पिकअप वाहन यूपी 22 एटी –8604 को रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से सब्जी के क्रेट में छिपाकर रखी 69.025 किलो गांजा बरामद की गई। बरामद गांजे की कीमत करीब 10 लाख 35 हजार 375 रुपये आंकी गई। मौके पर पुलिस ने छत्रपाल सिह (24) पुत्र राम कुंवर और सौरभ सिंह ठाकुर (24) पुत्र स्व. मनोज ठाकुर, निवासी सैंटाखेड़ा टांडा बादली जिला रामपुर को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस एक्ट में दोनों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज किया गया। एसओजी प्रभारी सुनील धानिक ने बताया कि दोनों आरोपी गांजे को सल्ट के आसपास के गांवों से एकत्र कर सब्जी की क्रेटों के नीचे छिपाकर रामपुर की ओर ले जा रहे थे। टीम में थानाध्यक्ष सल्ट अजेंद्र प्रसाद, कांस्टेबल संजू कुमार, भूपेंद्र पाल, मनमोहन सिंह रहे।

## विजेता खिलाडियों को किया सम्मानित

पिथौरागढ़। राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शनिवार को जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में सीईओ अशोक कुमार जुकरिया व जिला खेल समन्वयक जितेंद्र वल्दिया ने विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को सम्मानित किया। बताया कि राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता के प्रारंभिक स्तर में 135 बच्चों ने हिस्सा लिया था।

## पांच दुकानदारों को नोटिस जारी किए

बागेश्वर। खाद्य सुरक्षा विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। कारोबारियों को साफ–सफाई रखने के निर्देश दिए। पांच दुकानदारों को नोटिस जारी किए। खाद्य कारोबारियों को अपने बिल, कैश मेमो में खाद्या लाइसेंस पंजीकरण संख्या अंकतित करने को कहा। जिला अभिहीत अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा ने बताया कि संयुक्त टीम ने तीन मिठाई विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान पर मिठाई के निर्माण तिथि अंकित नहीं करने तथा दो दुकानदारों को साफ–सफाई नहीं रखने पर नोटिस जारी किया है। भविष्य में ऐसी लापरवाही नहीं करने की चेतावनी दी है।

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में संदेह के आधार पर तीन खोया तथा एक गुजिया के सैंपल लेकर जांच के लिए रूद्रपुर भेजे गए। निरीक्षण टीम में तहसीलदार दीपिका आर्या, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार व जीवन चंद्र धौनी आदि मौजूद थे।

## वनाग्नि सुरक्षा को लेकर गोष्ठी का आयोजन

अल्मोड़ा। हवालबाग में वनाग्नि सुरक्षा को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित गोष्ठी में लोगों को जंगल को आग से बचाने के लिये जागरूक किया गया। गोष्ठी में पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि आग लगने से वन एवं वन्य जीवों को क्षति होती है, पर्यावरण को भी नुकसान होता है। वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम ने सभी ग्राम वासियों से वनाग्नि बुझाने में वन विभाग का सहयोग करने और आग की घटना होने पर वन कर्मचारियों को सूचित करने की अपील की।

## होली में हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्यवाही

अल्मोड़ा। थाना धौलछीना पुलिस ने शनिवार को आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत धौलछीना बाजार, बाडेछीना बाजार में व्यापार मंडल, सीएलजी मैम्बर, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्यों के साथ बैठक् की। जिसमें सभी को अवगत कराया गया कि होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से बनाएं. शराब पीकर वाहन न चलाएं और होली के त्यौहार का माहौल खराब करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने पुलिस को होली के त्यौहार में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष सुशील कुमार, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र नेगी, महेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, नीरज मेहरा, अनिल मलवाल, संजय जीना, गुड्डू राणा, भगवत सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 16 मार्च से

बागेश्वर। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद हाईस्कूल और इंटर मीडिएट परीक्षा आगामी 16 मार्च से प्रारंभ होंगी। 51 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

पर्यवेक्षण के लिए परीक्षा केंद्रों को चार जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया है। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने परीक्षाएं सुचारू और निर्विवाद संपन्न कराने के निर्देश जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी परगना मजिस्ट्रेट अपने–अपने क्ष्ज्ञेत्र के जोनल मजिस्ट्रेट होंगे।

जबकि 12 सेक्टरों के लिए क्रमशः जिला उद्यान अधिकारी, वाणिज्य कर अधिकारी को बागेश्वर, अधिशासी अधिकारील नगर पंचायत, खंड विकास अधिकारी को गरुड़, प्रभारी तहसीलदार गरुड़ को वज्यूला सेक्टर, जिला पूर्ति अधिकारी को काफलीगैर, कांड सेक्टर में परियोजना अधिकारी उरेडा, बनलेख सेक्टर में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कपकोट में प्रभारी तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी, शामा के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कपकोट, बघर सेक्टर के लिए खंड विकास अधिकारी कपकोट तैनात किए है। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वह पुलिस अधीक्षक, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों से निरंतर समन्वय बनाए रखेंगे।

# रंगोली प्रतियोगिता में पल्लवी रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ के तत्वाधान में आयोजित साप्ताहिक प्रतियोगिताओं का समापन हो गया है। इस अवसर पर सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।छात्रसंघ प्रभारी डा. देवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इस दौरान आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में पल्लवी लखेड़ा प्रथम, अनामिका प्रजापति द्वितीय एवं शिल्पा रावत तृतीय स्थान पर रही। निबन्ध प्रतियोगिता में पूजा प्रथम, शिवम बलोधी द्वितीय एवं संतोष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। छात्रसंघ सप्ताह की अन्तिम प्रतियोगिता वाद विवाद के पक्ष में अंजली नेगी प्रथम, करन नैलवाल द्वितीय, गुंजन बिष्ट व ईशा बिष्ट ने संयुक्त रूप से तृतीय एवं विपक्ष में उज्ज्वल कुमार, पूनम आर्य व सौम्य रावत क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। इन प्रतियोगिताओं में प्रो. अमित जायसवाल, डा. सुनीता नेगी, डा. सीमा कुमारी, डा. प्रियंका अग्रवाल, डा. रंजना सिंह, डा. अनीता बिष्ट, डा. सूर्यमोहन, डा. धमेन्द्र सिंह, डा. अशीष चार्ल्स, डा. सुरभि मिश्रा, डा. शोभा रावत व डा. सुरेखा घिल्डियाल ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया।



महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करती प्राचार्य जानकी पंवार

## ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और सीमित संख्या को खत्म किया जाए

रुद्रप्रयाग। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता एवं यात्रियों की सीमित संख्या खत्म करने की मांग को लेकर होटल एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। साथ ही इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की।श्री केदारधाम होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से मुलाकात की। इस दौरान ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता से तीर्थ यात्री अपनी बुकिंगें कैंसिल कर रहे हैं। जिसका असर सीधे स्थानीय व्यवसायियों के व्यवसाय पर पड़ रहा है। एसोसिएशन ने यात्रा पड़ावों पर पैदा हुई अनेक समस्याओं कूड़ा निस्तारण, विद्युत, पेयजल सहित यात्रा पड़ाव शेरसी में मोबाइल कनेक्टिविटी न होने संबंधी दिक्कतों से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया।

## रुद्रप्रयाग के 20 शिक्षण संस्थानों में लगेंगी सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं बर्निंग और सेनिटाइजर मशीन

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड मानव सेवा समिति दिल्ली के सहयोग से उत्तराखंड के 30 शिक्षण संस्थानों में मुफ्त सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं बर्निंग तथा हैंड सेनिटाइजर मशीनें स्थापित कर दी गई हैं जबकि अब रुद्रप्रयाग जनपद के 20 इंटरमीटियट और महाविद्यालय में उक्त मशीनें लगाई जाएंगी। उत्तराखंड मानव सेवा समिति दिल्ली के अध्यक्ष एवं पूर्व पीएफ कमिश्नर भारत सरकार बीएन शर्मा ने बताया कि उनकी संस्था बीते 22 सालों से समाज सेवा के लिए समर्पित है।

संस्था के माध्यम से अनेक प्रदेशों में जन सेवा की जा रही है। सितंबर वर्ष 2000 के बाद लगातार धार्मिक, सामाजिक एवं जन उत्थान के लिए कार्य कर रही है। कोरोना काल में संस्था द्वारा उत्तराखंड में मास्क, दवाई, सेनिटाइजर राशन, भोजन, ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर, जूते, कम्बल, जैकेट आदि जरूरी सामग्री वितरित की। उन्होंने बताया कि संस्था ने हाल ही में पौड़ी गढ़वाल में 17, अल्मोड़ा में 3, हरिद्वार के 10 डिग्री एवं इंटर कॉलेजों में ऑटोमेटिक हैंड सेनिटाइजर मशीन, सेनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन, सेनेटरी नैपकिन डिस्पोजल मशीन के एक–एक सेट निशुल्क स्थापित किए हैं। इसके अलावा हर शिक्षक संस्थान में मुफ्त में 1000 सेनेटरी नैपकिन वितरित किए। संस्था के सलाहकार पत्रकार श्यामलाल सुन्दरियाल ने बताया कि संस्था जनपद रुद्रप्रयाग में स्थित 4 डिग्री कॉलेजों एवं 16 इंटर कॉलेजों को योजना से लाभान्वित करेगी।

## देहरादून की टीम ने जीता टूर्नामेंट का फाइनल

नई टिहरी। नरेंद्रनगर के बड़कोट मैदान में आयोजित स्व. मोहन सिंह बिष्ट मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। प्रतियोगिता का फाइनल देहरादून की टीम ने जीतकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि ने विजेता व उपविजेता टीम को नकद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। शनिवार को खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मैच में कुंजापुरी क्लब हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 223 रन बनाए। जिसके जवाब में मनीष क्लब–11 देहरादून 224 रन बनाकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## व्यापार मंडल के शिविर में 102 यूनिट रक्त एकत्रित

देहरादून। दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 102 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इकाई की ओर से शनिवार को पलटन बाजार स्थित मिशन स्कूल के सभागार में व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज मैसोन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शिविर आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक यातायात अक्षय कोंडा ने रक्तदान कर इसकी शुरुआत की।

व्यापारियों ने गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किए जाने के तीन साल पूरे होने पर केक भी काटा। लोगों ने व्यापार मंडल की कार्यकारिणी को पगड़ी पहनाकर और पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री महंत इंदिरेश अस्पताल की ओर से रक्तदान कराया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने हिस्सा लिया।

मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, मेयर सुनील उनियाल गामा, राजपुर विधायक खजान दास, व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक अशोक वर्मा व पृथ्वी राज चौहान, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल शर्मा, आशीष गुप्ता, शिवा वर्मा, सौरभ दूसेजा, रोहित कुमार, ताहिर अली, अनजे वर्मा, संजय नौटियाल, अर्चित डावर, देवेंद्र बिष्ट, विशाल गुप्ता, संतोख सिंह नागपाल, रवि मल्होत्रा, सुशील अग्रवाल, शेखर फुलारा, हरीश वीरमानी, पंकज डिढ़ान, बलदेव पराशर, राकेश किशोर गुप्ता, मनन आनंद, मोहित मेहता, दिव्य सेठी आदि मौजूद थे।

# पूरी दुनियां तक जाए योग महोत्सव की गूंजः राज्यपाल

देहरादून। ऋषिकेश मुनि की रेती स्थित गंगा रिजॉर्ट में आयोजित सात दिवसीय ह्यअंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सवह्ल के चौथे दिन शनिवार सुबह राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रथम सत्र में प्रतिभाग किया।

इस दौरान उन्होंने प्रथम सत्र में आयोजित योग कक्षाओं का भी निरीक्षण किया एवं योग प्रशिक्षकों से विभिन्न आसनों की जानकारी प्राप्त की।

राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 2023 के आयोजन हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज समेत पर्यटन विभाग को इस आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि इस योग महोत्सव की गूंज पूरे विश्व तक जानी चाहिए।



राज्यपाल ने कहा कि ऋषिकेश इस दुनिया में योग, ध्यान, साधना के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि योग मन, मस्तिष्क और आत्मा को जोड़ता है। राज्यपाल ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योग एक विशिष्ट स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया इस रोग से ग्रसित थी तब योग एवं प्रणायाम ने ना सिर्फ़ मानव प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम किया बल्कि लोगों को आत्मबल भी दिया।

उन्होंने कहा कि योग से मनुष्य को ना सिर्फ़ शारीरिक रूप से मजबूती मिलती है बल्कि इससे मानसिक रूप से भी शांति मिलती है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत में योग, साधना, संस्कृति का आपस में बेजोड़ संबंध है उन्होंने कहा कि संस्कृत शब्द का अर्थ सांसों के कृत है, यानी कि प्रणायाम के दौरान जब संस्कृत के शब्दों का प्रयोग करते हैं तो हमारे मन मस्तिष्क और आत्मा को शांति प्रदान होती है। राज्यपाल ने पर्यटन विभाग को योग महोत्सव का सोशल मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार प्रसार करने करने के भी निर्देश दिए।

राज्यपाल ने कहा कि आज भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है जहां एक ओर भारत˘–20 की अध्यक्षता कर रहा है वही भारत के अनुरोध पर यह वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है उन्होंने कहा कि भारत योग की शक्ति का प्रमाण पूरा विश्व देख चुका है इसीलिए भारत के अनुरोध पर हर वर्ष 21 जून को विश्व योगा दिवस मनाया जाता है।

सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने राज्यपाल को आयोजन संबंधी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान योग विशेषज्ञ दिलराज प्रीत कौर एवं डॉ. प्रिया अहूजा ने विभिन्न योगासनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान पद्मश्री डॉ. रजनीकांत, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुनील जोशी समेत बड़ी संख्या में योग साधक मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम त्रिवेंद्र और उनकी दोनों बेटियों ने लिया नेत्रदान और अंगदान का संकल्प



देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ह्यदधीचि देहदान समिति देहरादून उत्तराखंड के माध्यम से नेत्रदान और अंगदान का संकल्प लिया है। इससे उन्होंने उसी ह्यनर सेवा नारायण सेवा के भाव को प्रकट किया है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हमारे सनातन धर्म का महान विचार है। उनकी प्रेरणा से उनकी दोनों बेटियों कृति और श्रीजा रावत ने भी नेत्रदान और अंगदान का संकल्प लिया है। सचमुच त्रिवेंद्र सिंह रावत और उनके परिवार ने समाज के सामने एक उच्च आदर्श प्रस्तुत किया है।

## अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ तैनाती से मिली राहत

रुद्रप्रयाग। मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती होने से जनता को बड़ी राहत मिली है। यहां डेढ़ साल बाद गायनोकॉलोजिस्ट की तैनाती हुई है। जबकि शनिवार को उन्होंने अस्पताल में पहला सफल सीजेरियन ऑपरेशन किया है। अभी तक लोगों को स्त्री रोग विशेषज्ञ न होने से चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग में डेढ़ साल बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. हिमानी डाबर ने कार्यभार संभाल लिया। उनके आते ही शनिवार को पहला सफल सीजेरियन ऑपरेशन भी हो गया है। डॉ. हिमानी के साथ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र, एनेस्थिसिया डॉ. अंजना, छवि घिल्डियाल, संगीता एवं सुखदेव की मौजूदगी में गर्भवती महिला का ऑपरेशन से सुरक्षित प्रसव कराया गया। सीएमएस डॉ. राजीव पाल ने बताया कि डेढ़ साल से जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त था। काफी पत्राचार करने और जनप्रतिनिधियों के सकारात्मक प्रयास के चलते यह कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने सभी का आभार जताया।


**Court notice**

IN THE CONURT OF CIVIL JUDGE
KOTDWAR (GARHWAL)
Succ. Case NO 01 OF THE YEAR 2023
Vishal Malhotra V/ Vinod & Others

**Summon – General Public**

Whereas the petitioners have filed a suit for grant of sucessions certificate for the moveable property of late sri Raja Ram & Smt. Kaushalya Devi. If any one has any objection against the grant of such sucession certificate in favour of applicant Vishal Malhotra. he may appear before this Court in person or through pleader on Dt 21-03-2023 at 10 A.M and file W S of his/her defence. Take notice that, in default of appearance on the day before mentioned, the matter will be heard and determined in your absence

Give under my hand and seal of the court on dated 3/03/2023

Munsrim/reader

**Civil judge (junior division)**
**Kotdwar (Garhwal)**


## झंडा मेले पर प्रशासन से समन्वय बनाएगी मेला समिति

देहरादून। दून के ऐतिहासिक श्री झंडे जी मेले की तैयारियों को लेकर मेला समिति व जिले के प्रशासनिक अधिकारियों संग शनिवार को बैठक की गई। जिसमें यातायात व्यवस्था, संगतों के ठहरने व अन्य व्यवस्थाओं के रोडमैप पर चर्चा की गई। श्री दरबार साहिब के सज्जादानशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने मेले की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, शहर कोतवाल विद्याभूषण नेगी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शहर कोतवाली प्रमोद शाह, खुड़बुड़ा पुलिस चौकी प्रभारी पंकज कुमार समेत समिति सदस्यों ने इस बैठक में मेला समिति द्वारा तय की गई मेले की तिथियों के अनुरुप व्यवस्थाएं बनाने पर मंत्रणा की। श्रीझंडा जी मेला आयोजन समिति व्यवस्थापक केसी जुयाल ने ट्रैफिक व्यवस्था, संगतों के वाहनों की पार्किंग, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, मेला स्थल पर पुलिस थाने का संचालन, मेला अस्पताल, एम्बुलेंस व्यवस्था, दरबार साहिब में प्रवेश, निकासी, वन वे व्यवस्था पर प्रशासन से सहयोग मांगा। उन्होने बताया कि आयोजन से जुड़ी 50 समितियां अपना कार्य निभा रही हैं। उल्लेखनीय है कि श्री गुरु राम राय महाराज की जयंती पर हर साल श्री दरबार साहिब में श्री झंडे जी मेले का आयोजन किया जाता है।

## विधानसभा घेराव को लेकर कांग्रेस ने तय की रणनीति

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सभी प्रकोष्ठ और विभाग अध्यक्षों को 13 मार्च को प्रस्तावित गैरसैंण विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित घेराव को लेकर करन माहरा ने शनिवार को कांग्रेस भवन में सभी प्रकोष्ठ और विभागों की बैठक ली। इस मौके पर माहरा ने कहा कि इस समय देश चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है।

केंद्र सरकार सार्वजनिक सम्पत्तियों को बेच रही है, इसी तर्ज पर राज्य सरकार ने भी सितारगंज चीनी मिल बेचने की तैयारी शुरु कर दी है। राज्य सरकार ने गन्ना किसानों का भी बकाया भुगतान नहीं किया है। भर्ती घोटाला, महंगाई को लेकर प्रदेश में असंतोष है, इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सरकार के खिलाफ सड़कों पर आना होगा। उन्होंने सभी अनुसांगिक संगठनों को 13 मार्च के घेराव में संख्याबल के साथ मौजूद रहने को कहा। बैठक में इंटक प्रदेश अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष संगठन– प्रशासन मथुरा दत्त जोशी, बुद्विजीवी विभाग के अध्यक्ष प्रदीप जोशी, प्रदेश अध्यक्ष के सलाहकार अमरजीत सिंह, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल, खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह चौधरी, गोरखा प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष अनिल बस्नेत, असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष सुशील राठी, अखिल भारतीय कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के समन्वयक एवं उत्तराखण्ड प्रभारी मदन लाल आदि उपस्थित रहे।

**ग्रीष्मकालीन राजधानी बनी शो पीस**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने आरोप लगाया है कि ग्रीष्मकालीन राजधानी में तीन साल बाद भी शो पीस बनकर रह गई है। माहरा ने कहा कि इन तीन सालों में मुख्यमंत्री, मंत्री से लेकर अधिकारी तक कोई भी वहां नहीं बैठ पाया है। गरीब जनता की खून–पसीने की कमाई से लिए गए टैक्स के करोड़ों रुपए से बना विधानसभा भवन शोपीस बन कर रह गया है। माहरा ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा गैरसैण में कमिश्नरी की घोषणा भी हवा हवाई साबित हुई है।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**ई–निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित अधिकारियों हेतु एक–एक बन्द बाडी डीजल चालित जीप/यूटिलिटी दो वर्ष की अवधि के लिये किराये पर लेने हेतु अनुभवी, वाहन मालिकों/ट्रैवल एजेन्सी/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि, तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) आमन्त्रित की जाती है। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/डीडी के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते है। कार्य अन्य विवरण के लिये वेबसाइट www.uktenders.gov.in को देखें।

| ई–निविदा संख्या | ई–निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी सहित) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | ई–निविदा क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र आनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा प्रथम भाग खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04/EDDN /22–23 | रू0 590/– | उपखण्ड अधिकारी, वि0वि0 उपखण्ड, रिखणीखाल हेतु। | 0.22 | दि0. 23.03.2023 16.00 बजे तक | दि0. 24.03.2023 11.00 बजे तक | दि0. 24.03.2023 15.00 बजे तक |
| 05/EDDN /22–23 | रू0 590/– | उपखण्ड अधिकारी, वि0वि0 उपखण्ड स्यूसी हेतु। | 0.22 | दि0. 23.03.2023 16.00 बजे तक | दि0. 24.03.2023 11.00 बजे तक | दि0. 24.03.2023 15.00 बजे तक |

पत्रांक : 149/विविखनै/टी–6
दिनांक : 04.03.2023
अधिशासी अभियन्ता

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)


## अग्रवाल समाज ने धूमधाम से मनाई होली



देहरादून। अग्रवाल समाज द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों ने देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम से पहले सभी ने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। सभी ने महाराजा अग्रसेन व कुलदेवी मां लक्ष्मी, अग्रोहा धाम का जयघोष किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल,अतिविशिष्ट अतिथि राजीव गर्ग, सुनील अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, स्वागत अध्यक्ष श्यामसुंदर गोयल, कार्यक्रम संयोजक आरसी गर्ग, अग्रवाल समाज अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, फतेहचंद गर्ग, संजय कुमार गर्ग, अनुराग अग्रवाल, महिला अध्यक्षा रितु गोयल, युवा के अध्यक्ष सतीश कंसल आदि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीना अग्रवाल, साधना शर्मा, अर्चना सिंघल, सुनीता गुप्ता ने छोटे बच्चों के साथ एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। होली के गीत होली में उड़े रे गुलाल..पर तो पंडाल में बैठे सभी अपने अपने स्थानों पर खड़े होकर नृत्य करने लगे। कार्यक्रमों में आने वालों का मातृशक्ति ऋतु गोयल, शालिनी अग्रवाल, अपर्णा गोयल ने सुगंधित केसर का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली खेली गई।

## गढ़वाली फिल्म मेरु गौं के कलाकारों का सम्मान

देहरादून। अमर सेवा समिति दून लाइब्रेरी के समीप हुए कार्यक्रम में गढ़वाली फिल्म मेरु गौं के कलाकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया। वक्ताओं ने अपनी बोली भाषा व संस्कृति के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए बनाई गई फिल्म के लिए फिल्म से जुड़े कलाकारों, निर्माता व निर्देशक की सराहना की। समिति अध्यक्ष केपी भट्ट, महासचिव देवचंद्र उत्तराखंडी ने बताया कि समिति अपनी बोली भाषा को लेकर कार्य करने वाले समाज के उन जागरूक कलाकारों की सराहना करती है। जो लगातार इस मुहिम को छेड़े हुए है। मुख्य अतिथि सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल के संरक्षक जेपी बलूनी ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंगल गान के साथ गढ़वाली भजन की प्रस्तुति की गई। ढोल दमाऊ मशकबीन से अतिथियों का स्वागत किया गया। फिल्म से जुड़े करीब 40 कलाकारों व तकनीशियन्स को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट किए गए। मौके पर अध्यक्ष कर्नल केपी भट्ट, उपाध्यक्ष शिवानी मिश्रा, कैप्टन बंसी लाल, मुकेश पोखरियाल, लीलाराम आर्या, अनिल थपलियाल, हरजीत सिंह आदि मौजूद रही।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0 व ई0पी0एफ0 व ई0एस0आई0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 24.02.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में विद्युत वितरण खण्ड कोटद्वार के कार्यालय से दिनांक 23.02.2023 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/ सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 15/2022–23 | रू0 500/– | वि0वि0 उपखण्ड स्यूसी– थैलीसैंण के अन्तर्गत नये संयोजन निर्गत किये जाने हेतु लाइन, उपसंस्थान निर्माण/क्षमता वृद्धि व अन्य कार्य। | 18000.00 |

पत्रांक : 148/विविखनै/टी–6
दिनांक : 04.03.2023
अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

# खतरे में जैव विविधता

वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि हम उस बिंदु का पूर्वानुमान तो नहीं लगा सकते, जहां पहुंचने के बाद पारिस्थितिकी तंत्र पूरी तरह नष्ट हो जाएगा, लेकिन जैव विविधता को खत्म होने से नहीं रोका गया, तो ऐसा होना तय है।

जैव विविधता खतरे में है, यह कोई नई जानकारी नहीं है। लेकिन इस बारे में आने वाली हर नई जानकारी चिंता बढ़ाती है, तो इसलिए कि इसका असर मनुष्य पर भी होना तय है। पूरी दुनिया एक साझा परिवास है, जिसमें जैविक संतुलन बिगडने का मतलब सबके लिए खतरा बढना है। अब वैज्ञानिकों ने कहा है कि जानवरों की जो प्रजातियां जंगलों में खत्म हो चुकी हैं, उनका चिडियाघरों में रह रहे जीवों के जरिए उबरना बेहद कठिन है। एक नए अध्ययन के बाद विशेषज्ञों ने कहा कि प्रातिक आवासों में जिन जानवरों की संख्या दस से कम हो चुकी है, उनकी आबादी बढ़ाने के लिए अक्सर चिडियाघरों से जीवों को जंगलों में छोड़ा जाता है। लेकिन इससे आबादी बढना मुश्किल है। कारण यह है कि जिन कारणों से जानवरों की संख्या घटी थी, वे ज्यों के त्यों बने हुए हैं। जिन खतरों ने इन जानवरों को विलुप्ति के कगार पर पहुंचाया है, वे जंगल में दोबारा भेजे गए प्राणियों के सामने भी बने होते हैं। इनमें जैविक विविधता की कमी और अवैध शिकार आदि शामिल हैं।

हालांकि वैज्ञानिक संरक्षण की कोशिशों को भी जरूरी मानते हैं और अध्ययनकर्ताओं ने स्वीकार किया है कि अगर ऐसी कोशिशें ना की गई होतीं, तो ये जानवर बहुत पहले विलुप्त हो चुके होते। 1950 से अब तक लगभग 100 प्रजातियां ऐसी हैं, जो विलुप्त हो चुकी हैं। इसकी मुख्य वजहों में अवैध शिकार, वनों का कटाव, घटते कुदरती रहवास आदि खतरे शामिल हैं। वैज्ञानिक अब इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि इस वक्त जिस तेजी से प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, वह पिछली किसी भी ऐसी घटना से ज्यादा तेज है। उन्होंने कहा है- ष्हम उस बिंदु का पूर्वानुमान तो नहीं लगा सकते, जहां पहुंचने के बाद पारिस्थितिकी तंत्र पूरी तरह नष्ट हो जाएगा, लेकिन जैव विविधता को खत्म होने से नहीं रोका गया, तो ऐसा होना तय है।ष जाहिर है, इससे ज्यादा दो-टूक चेतावनी नहीं दी जा सकती। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी खबरों को ना तो मीडिया में जगह मिलती है, ना उस पर राजनीतिक दायरे में चर्चा होती है। नतीजतन, खतरा बढ़ता ही जा रहा है।

# जी 20 शिखर सम्मेलनः दिखेगा भारत का जलवा



**भारत ने 2008 में जी 20 में शामिल होने के बाद से इस मंच के महत्वाकांक्षी सदस्यों में से एक बन गया है। भारत का यह प्रतिनिधित्व अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में उभरती हुई ताकत और अपने वित्तीय बाजार के संभवित उत्थान को दर्शाता है। भारत के योगदान ने जी 20 की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत के अर्थव्यवस्था का विस्तृत और विविध मौजूदा होने के बावजूद, उसने विभिन्न मुद्दों पर सक्रिय ढंग से बातचीत में भाग लिया है। जी 20 दुनिया की आठ सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं के प्रतिनिधित्व करते हुए एक महत्वपूर्ण विश्व स्तरीय समूह है। इसमें शामिल देश जनसंख्या के आधार पर दुनिया के 2ध्3 से ज्यादा जनसंख्या के साथी हैं जो दुनिया की विपणन, वाणिज्य और निवेश के सबसे बड़े बाजारों में से कुछ हैं।**

**सचिन तिवारी**

18वां जी20 राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों का शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर 2023 को नई दिल्ली में होगा। यह शिखर सम्मेलन मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और नागरिक समाजों के बीच पूरे वर्ष आयोजित होने वाली सभी ळ20 प्रक्रियाओं और बैठकों की परिणति होगी। नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के समापन पर ळ20 नेताओं द्वारा एक घोषणा की जाएगी, जिसमें संबंधित मंत्रिस्तरीय और कार्य समूह की बैठकों के दौरान की गई चर्चा और सहमत प्राथमिकताओं के प्रति नेताओं की प्रतिबद्धता को बताया जाएगा।

भारत पहले 2022 में अपने स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला था जबकि इंडोनेशिया को 2023 में इसकी मेजबानी करनी थी। 2023 में इंडोनेशिया को आसियान देशों के सम्मेलन की मेजबानी करनी है और भारत को 2022 में जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करनी थी। इंडोनेशिया ने भारत से जी-20 सम्मेलन के आयोजन की अदला -बदली कर ली। जिसमे इंडोनेशिया ने 2022 में जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी की और अब भारत 2023 में इसकी मेजबानी कर रहा है ।

जी20 भारत को अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक नीतियों को आकार देने और अपनी वित्तीय स्थिरता को बढ़ाने में भाग लेने का अवसर भी प्रदान करता है। 2023 जी20 शिखर सम्मेलन में कई प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है, जिसमें ब्व्टप्क-19 महामारी के बाद बनी वैश्विक आर्थिक संकट वाली स्थित से बाहर आने, स्थाई और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और असमानता और गरीबी को दूर करने जैसे मुद्दे शामिल हो सकते हैं। नेता जलवायु संकट से निपटने, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रणाली को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता को बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे।

चर्चा का एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा वैश्विक अर्थव्यवस्था को महामारी से उबारने और विकास को बहाल करने और रोजगार सृजित करने के लिए आवश्यक प्रयास होंगे। उन नीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे जो निवेश और व्यापार का समर्थन करती हों, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देती हों और छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों के सामने आने वाली चुनौतियों का हल करती हों।

2023 जी20 शिखर सम्मेलन नेताओं को जलवायु संकट को संबोधित करने और अधिक टिकाऊ और समावेशी भविष्य की दिशा में काम करने का अवसर भी प्रदान करेगा। शिखर सम्मेलन में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देते हुए हरित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के संभावित तरीकों पर चर्चा किए जाने की उम्मीद है। जी 20 दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं को एक साथ आने और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

जी 20 देश दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद का 85ः और इसकी दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो इसे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग और इससे जुड़े निर्णय लिए जाने का एक महत्वपूर्ण मंच बनाता है।जी 20 शिखर सम्मेलन नेताओं को विचारों का आदान-प्रदान करने, नीतिगत समाधानों पर चर्चा करने और वैश्विक समुदाय की प्रमुख चुनौतियों के समाधान के प्रयासों का समन्वय करने की अवसर देता है। ये चुनौतियाँ आर्थिक मुद्दों जैसे मंदी, व्यापार और निवेश से लेकर गरीबी, असमानता और जलवायु परिवर्तन जैसे सामाजिक मुद्दों हो सकती हैं।जी 20 (जी20) एक विश्व स्तरीय मंच है जो विभिन्न देशों के अर्थव्यवस्थाओं को संगठित करता है। इस मंच में सदस्य देशों के आर्थिक मंत्रियों और वित्तीय निर्देशकों की बैठकें होती हैं, जो अर्थव्यवस्थाओं की गतिशीलता, वृद्धि और समस्याओं को हल करने के लिए बातचीत करते हैं। जी 20 का प्रतिनिधित्व भारत द्वारा बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में किया जाता है।भारत ने 2008 में जी 20 में शामिल होने के बाद से इस मंच के महत्वाकांक्षी सदस्यों में से एक बन गया है। भारत का यह प्रतिनिधित्व अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में उभरती हुई ताकत और अपने वित्तीय बाजार के संभवित उत्थान को दर्शाता है। भारत के योगदान ने जी 20 की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत के अर्थव्यवस्था का विस्तृत और विविध मौजूदा होने के बावजूद, उसने विभिन्न मुद्दों पर सक्रिय ढंग से बातचीत में भाग लिया है।

जी 20 दुनिया की आठ सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं के प्रतिनिधित्व करते हुए एक महत्वपूर्ण विश्व स्तरीय समूह है। इसमें शामिल देश जनसंख्या के आधार पर दुनिया के 2ध्3 से ज्यादा जनसंख्या के साथी हैं जो दुनिया की विपणन, वाणिज्य और निवेश के सबसे बड़े बाजारों में से कुछ हैं। जी 20 की बैठक को होस्ट करने से भारत को कई लाभ हो सकते हैं। यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण विश्व स्तरीय आयोजन होगा जो देश को दुनिया में मजबूत दिखाएगा। कुछ अन्य लाभ निम्नलिखित हो सकते हैं।

विश्व स्तरीय मंच पर अपनी आवाज को सुनानारू जी 20 विश्व स्तरीय मंच है जिसमें भारत दुनिया के सबसे बड़े अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधित्व करता है। इससे भारत को विश्व स्तरीय मंच पर अपनी आवाज को सुनाने का अवसर मिलता है।जी 20 एक विश्व स्तरीय समूह है जिसमें अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधित्व करने वाले 19 देशों और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। यहां जी 20 में शामिल देशों में आर्जेंटीना,अस्ट्रेलिया,ब्राजील,कनाडा,चीन,फ्रांस,जर्मनी,भारत,इंडोनेशिया,इटली,जापान,मेक्सिको,रूस,सऊदी अरब,दक्षिण कोरिया,तुर्की,यूनाइटेड किंगडम,यूनाइटेड स्टेट्स अफ अमेरिका, और यूरोपीय संघ (यूई)

ये देश अपनी आय और जनसंख्या के आधार पर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधि होते हैं जो विपणन, वाणिज्य और निवेश के सबसे बड़े बाजारों में से कुछ हैं। इस समूह के अंतर्गत संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, यूरोप, जापान, भारत और रूस को विशेष महत्व दिया जाता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में जी 20 को होस्ट करने के लिए भारत की तैयारियों की घोषणा की है। भारत के जी 20 के होस्टिंग के दौरान, देश अर्थव्यवस्था, सामाजिक विषयों, सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चाएं करेगा। भारत की जी 20 की होस्टिंग भारत के अर्थव्यवस्था विकास और विश्व मामलों में देश के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देगी।

# आंखों के नीचे की सूजन को दूर करने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे



आंखों के आस-पास के ऊतक विशेष रूप से पलकों को सहारा देने वाली मांसपेशियां जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं, वे लचीलापन खोती जाती हैं और थकान के साथ-साथ अनिद्रा इसे प्रभावित कर सकती है। इसके कारण आंखों के नीचे सूजन आने की संभावना बढ़ जाती है और इससे पूरे चेहरे का निखार फीका पड़ सकता है। आइए आज हम आपको इस समस्या से टुटकारा दिलाने वाले घरेलू नुस्खे बताते हैं।

टी बैग्स का करें इस्तेमाल

टी बैग्स लगाने से आंखों के नीचे सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि टी बैग्स ग्रीन हो या ब्लैक। इसमें मौजूद कैफीन सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए दो टी बैग्स को गुनगुने पानी में करीब 5 मिनट के लिए भिगो दें, फिर टी बैग्स को अपनी बंद आंखों पर रखें और इन्हें एक मुलायम कपड़े से ढककर लगभग आधे घंटे के लिए छोड़ दें।

खीरा भी है बेहतर विकल्प

खीरे का इस्तेमाल करके भी आप आंखों से जुड़ी कई समस्याओं से राहत पा सकते हैं और इसमें आंखों के नीचे की सूजन को ठीक किया जा सकता है। आंखों की सूजन से राहत पाने के लिए 2 से 3 मिनट के लिए खीरे की 2 मोटी स्लाइस को ठंडे पानी में भिगोएं और फिर इसे 10 मिनट के लिए अपनी बंद आंखों पर रखें। इससे न सिर्फ आंखों को ठंडक मिलेगी बल्कि सूजन भी धीरे-धीरे कम होने लगेगी।

एसेंशियल अयल्स भी हैं प्रभावी

लैवेंडर के तेल का नसों पर शांत और सुखदायक प्रभाव पड़ता है, जबकि नींबू का तेल तनाव को दूर करने में मदद कर सकता है और कैमोमाइल तेल में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-इरिटेंट गुण होते हैं। ये गुण आंखों के नीचे की सूजन से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एसेंशियल्स तेल को मिलाएं और उन्हें पानी में अच्छी तरह मिला लें, फिर सोने से पहले मिश्रण से आंखों के नीचे हल्के हाथ से मालिश करें।

अनानास और हल्दी का आई मास्क लगाएं

जब आपको आंखों के निचले हिस्से पर सूजन का अहसास हो तो उसे कम करने के लिए आप अनानास और हल्दी के आई मास्क का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में 4 बड़ी चम्मच अनानास का रस और 1 चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं और इस मिश्रण को आंखों के निचले भाग पर लगाकर 25 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

गुलाब जल और एलोवेरा जेल का मिश्रण लगाएं

यह आंखों की खूबसूरती बढ़ाने में काफी मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में 1 छोटी चम्मच गुलाब जल, 1 बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल और आधी छोटी चम्मच शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण में कटन पैड्स को डुबोकर आंखों के नीचे लगा लें और 20 मिनट बाद ही हटाएं। इसके बाद आप आंखों को ठंडे पानी से धोकर तौलिये से सुखा लें।

# आखिर पीरियड लीव से परहेज क्यों

**डा.दर्शनी प्रिय**

हाल ही में सर्वोच्च अदालत में दाखिल जनहित याचिका ने एक बार फिर महिलाओं के बुनियादी हक की आवाज को सच के आईने में ला खड़ा किया है।

इस याचिका के सुर्खियों में आने के बाद सार्वजनिक संवाद और मंथन के केंद्र में निश्चित ही महिलाएं और उनकी वर्षो पुरानी मांग आ गई है। आखिर इस अति महवपूर्ण और संवेदनशील विषय पर सिरे से विचार हो भी क्यों न? भारतीय समाज के लिए इस तरह की मांग अप्रातिक, अनुपयोगी और अलाभकारी जरूर हो सकती है, लेकिन ब्रिटेन, चीन, जापान, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया और जांबिया जैसे समाज ने तो बहुत पहले इस दस्तक की गूंज को स्वीकार लिया था। और इसकी अनिवार्यता समझते हुए वहां के दफ्तरों और स्कूलों में बेझिझक इसकी मान्यता दे दी थी।महिला कर्मचारियों और छात्राओं को पीरियड्स यानी मासिक धर्म के दौरान टुट्टी के लिए सभी राज्यों को नियम बनाने का आदेश मानने वाली एक जनहित याचिका पर विचार करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दर्ज की गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे सरकार का नीतिगत मामला बताते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट की यह भी दलील थी कि पीरियड लीव की



अनिवार्यता महिलाओं के लिए लाभकारी भी हो सकती है क्योंकि पीरियड के दौरान टुट्टी की अनुमति देने से नियोक्ता महिलाओं को काम पर रखने से परहेज करेंगे। हैरानी है कि एक मजबूत राष्ट्र की एक अति शक्तिशाली इकाई आज भी अपनी पारंपरिक सोच से निजात नहीं पा सकी है। यदि वास्तव में माननीय कोर्ट आधी आबादी को लेकर चिंतित है तो इस नियम को लागू करने के साथ सभी नियोक्ताओं से सख्ती से निपटने वाला कोई आदेश पारित करे यदि कोई भी नियोक्ता पीरियड लीव की आड़ में महिलाओं को नौकरी आदि में अड़ंगे डालता है। ये किसी से टुपा नहीं कि मासिक धर्म के दौरान महिलाओं और छात्राओं को कई तरह की शारीरिक और मानसिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। ऐसे में उन्हें पीरियड्स लीव दिए जाने के संबंध में आदेश पारित किए जाने चाहिए। यदि कानूनी धाराओं की भी बात करें तो 1961 के अधिनियम में महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के लिए विस्तार से प्रावधान करता है।

मातृत्व लाभ अधिनियम के तहत कानून के ये प्रावधान कामकाजी महिलाओं के मातृत्व और मातृत्व को पहचानने और सम्मान देने के लिए संसद या देश के लोगों द्वारा उठाए गए सबसे बड़े कदमों में से एक हैं। हालांकि फिर भी कानून होने के बाद भी इनका सख्ती से पालन नहीं होता है। ऐसे में एकमात्र राज्य बिहार में नजीर बना है जो साल 1992 से ही महिलाओं को दो दिन की स्पेशल मेंस्ट्रूअल लिख देता रहा है। हालांकि 1912 में, कोच्ची (वर्तमान एर्नाकुलम जिला) की तत्कालीन रियासत में स्थित त्रिपुनिथुरा में सरकारी गर्ल्स स्कूल ने छात्रों को उनकी वार्षिक परीक्षा के समय श्पीरियड लीव लेने की अनुमति दी थी, लेकिन इन छिटपुट उदाहरणों से काम चलने वाला नहीं। महिलाएं राष्ट्र और श्रम की महवपूर्ण इकाई हैय ऐसे में उन्हें ये हक दिया ही जाना चाहिए कि वे तकलीफ के दिनों में आराम करें। उनकी उत्पादक क्षमता प्रभावित न हो इसके लिए माननीय अदालत को याचिका पर पुनर्विचार करना चाहिए।

# मेघालय में कांग्रेस की योजना धरी रह गई

कांग्रेस पार्टी मेघालय को लेकर बहुत उम्मीद में थी। इसी उम्मीद की वजह से मेघालय में राहुल गांधी की रैली कराई गई थी। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में चुनाव हुए लेकिन राहुल सिर्फ एक दिन मेघालय में प्रचार करने गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को नगालैंड भेजा गया, जहां कांग्रेस के लिए कोई संभावना नहीं थी और वास्तविक नतीजों में भी दिखा है कि कांग्रेस वहां लड़ाई में नहीं थी। वह पहले भी जीरो पर थी और इस बार भी जीरो पर ही रही। कांग्रेस नेताओं को नगालैंड और त्रिपुरा का हस्त्र पता था। इसलिए सारा फोकस मेघालय पर था। वहां कांग्रेस को उम्मीद थी कि त्रिशंकु विधानसभा में उसकी जरूरत पड़ सकती है। कांग्रेस अच्छी जीत की उम्मीद कर रही थी और यह भी उम्मीद कर रही थी कि कोनरेड संगमा की एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी रहेगी और भाजपा से उसके जैसे संबंध हैं उसे देखते हुए कोनरेड कांग्रेस पार्टी से बात करेंगे गठबंधन सरकार के लिए।

इसके लिए कांग्रेस ने कई बड़े नेताओं को मेघालय में लगाया था। पुड्डुचेरी के पूर्व मुख्यमंत्री वी नारायणसामी और मनीष चतरथ को वहां का जिम्मा दिया गया और पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक भी गठबंधन की बातचीत के लिए नियुक्त किए गए थे। मेघालय को लेकर कांग्रेस की यह उम्मीद तो पूरी हुई कि त्रिशंकु विधानसभा बनी और एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी बनी। लेकिन सरकार बनाने के लिए उसने कांग्रेस से संपर्क नहीं किया, बल्कि नतीजों से एक दिन पहले ही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की कोनरेड संगमा से बात हो गई। ऊपर से संगमा की सीटें बढ़ गईं और उनको सरकार बनाने के लिए सिर्फ चार विधायकों की जरूरत रही। भाजपा दो से बढ़ कर पांच हो गई। इसलिए फिर पुराना गठबंधन बनाने में आसानी हो गई। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस दोनों घाटे में रहे।

# घर में ह्यूमिडिफायर क्यों रखना चाहिए? जानिए इसके इस्तेमाल से होने वाले 5 फायदे

बहुत से लोग अपने घरों में ह्यूमिडिफायर नामक हवा साफ करने वाला उपकरण रखते हैं। इससे आस-पास की हवा में मौजूद प्रदूषण और हानिकारक गैसों के तत्वों को आसानी से खत्म किया जा सकता है। इसकी मदद से हवा में नमी बढ़ती है और घर का वातावरण साफ और सुरक्षित रहता है। आइए आज ह्यूमिडिफायर के इस्तेमाल से होने वाले 5 प्रमुख फायदे जानते हैं। बहुत से लोग त्वचा और स्कैल्प में जलन जैसी ड्राइनेस से जुड़ी कई समस्याओं का अनुभव करते हैं। इससे राहत पाने के लिए ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह उपकरण घर के अंदर की हवा में नमी बढ़ाता है, जो बेहद ड्राई मौसम की स्थिति के कारण खो जाती है। इसके अलावा इससे त्वचा और बालों में नमी वापस आती है, वे मुलायम होते हैं और किसी भी तरह की परेशानी से मुक्त हो जाते हैं। कुछ लोगों को ड्राई हवा की वजह से गले में खराश हो जाती है। यह असुविधाजनक और दर्दनाक हो सकता है। इसके अलावा जब सर्दी-जुकाम के कारण आप मुंह से सांस लेते हैं, तब गला भी ड्राई हो जाता है। हालांकि, ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करके इस स्थिति से बचा सकता है क्योंकि यह हवा को नम करता है। यह खांसी से भी टुटकारा दिला सकता है ।

# सभी राजनैतिक दल एक जैसे

**राज्यपाल का पद कहने को संवैधानिक होता है, किन्तु यथार्थ में राज्यपाल के राजनीतिक विवादों में घिरे रहने के कई उदाहरण मौजूद हैं। गैर-भाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल और राज्य सरकार में टकराव की घटनाएं होती रहती हैं। उपराष्ट्रपति बने जगदीप धनखड़ इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। धनखड़ जब तक पश्चिमी बंगाल के राज्यपाल रहे, तब तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनका टकराव बना रहा। तमिलनाडु सहित कई राज्यों में राज्यपालों के खिलाफ राजनीतिक धरना-प्रदर्शन तक हुए हैं। राज्यपालों पर भ्रष्टाचार सहित मनमानी करने के कई तरह के आरोप लगते रहे हैं।**



**अजय दीक्षित**

बीजेपी परिवारवाद के मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य दलों की तीखी आलोचना करती आई है। इस आलोचना का तात्पर्य यह नहीं है कि भाजपा भी इन्हीं दलों की तरह आचरण करने लगे और दलील यह दे कि ऐसा तो उनके शासन में भी होता रहा है, इसलिए इसमें गलत क्या है? भाजपा की केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अब्दुल नजीर को आंध्रप्रदेश का राज्यपाल नियुक्त करने के मामले में ऐसी ही दलील दे रही है।

भाजपा यह कहते हुए नजीर की नियुक्ति को जायज ठहरा रही है कि ऐसा तो कांग्रेस के शासन में भी होता रहा है। भाजपा यह भूल गई कि कांग्रेस ऐसे कारनामों के कारण सत्ता से बाहर है। भाजपा अपनी सुविधा से यह नहीं कर सकती कि जिसमें उसे नुकसान नजर आए उसमें काग्रेस को कोसे और जहां छिपा हुआ एजेंडा लागू करना हो, वहां कांग्रेस का उदाहरण पेश कर दे। इस नकारात्मक उदाहरण से निश्चित तौर पर भाजपा और न्यायाधीशों की छवि पर उंगलियां उठेंगी। न्यायाधीश नजीर का गलत उदाहरण पेश करके भाजपा अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकती। सवाल यह नहीं है कि नजीर ने सुप्रीम कोर्ट में जज रहते हुए अयोध्या और तीन तलाक के मुद्दे पर केंद्र सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया था।

बड़ा सवाल न्यायपालिका की नैतिकता और शुचिता का है जिसे बनाए रखने की मौजूदा दौर में कम से कम किसी राजनीतिक दल से तो अपेक्षा नहीं की जा सकती। नजीर को राज्यपाल बनाए जाना एक तरह से सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायाधीशों के पुनर्वास का रास्ता देना है। अर्थात सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स के ऐसे जज जिन्होंने सरकारों के पक्ष में फैसला दिया होगा, वे सत्ताधारी दलों के पापात्र होंगे। जब भी सही मौका मिलेगा सरकार उनका पुनर्वास करके उन्हें अनुग्रहित कर देगी। यह परिपाटी न सिर्फ न्यायपालिका बल्कि देश की न्याय व्यवस्था के भी अनुकूल नहीं है। किसी लालच या आकर्षण के बूते दिए गए फैसलों में यह पता लगाना आसान नहीं होगा कि इसमें सच्चाई कितनी है। यही माना जाएगा कि सरकार का साथ देने के फैसलों के एवज में किसी प्रशासनिक या संवैधानिक पद पर नियुक्त करके न्यायाधीश को उपत किया गया है। राजनीतिक दलों के नेताओं के दामन तो दागदार होते रहे हैं, किन्तु यह बुराई यदि न्यायपालिका तक पहुंच गई तो न्याय पर आम लोगों का विश्वास कायम रखना मुश्किल हो जाएगा। सेवानिवृत्त होकर किसी पद को लेने पर न्यायाधीश के कार्यकाल के दौरान दिए गए फैसलों पर सवाल उठेंगे, जैसे कि जज नजीर की नियुक्ति को लेकर उठ रहे हैं। देश में पहले ही न्याय पाने वालों की लंबी कतार लगी हुई है। न्याय पाने के लिए होने वाला खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। न्यायपालिका जजों की कमी से जूझ रही है । जटिल न्यायिक प्रक्रिया से लोगों की हताशा बढ़ रही है। ऊपर से यदि यह प्रवृत्ति न्यायाधीशों की घर कर गई कि सेवानिवृत्ति के बाद सरकार उनका भला कर देगी, तो न्यायिक फैसलों से आम लोगों का न्यायपालिका पर बचा हुआ विश्वास भी दरकने लगेगा। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की ताजपोशी से इस बात को बल मिलता है कि केंद्र सरकार किसी न किसी रूप में न्यायपालिका को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है ।

राज्यपाल का पद कहने को संवैधानिक होता है, किन्तु यथार्थ में राज्यपाल के राजनीतिक विवादों में घिरे रहने के कई उदाहरण मौजूद हैं। गैर-भाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल और राज्य सरकार में टकराव की घटनाएं होती रहती हैं। उपराष्ट्रपति बने जगदीप धनखड़ इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। धनखड़ जब तक पश्चिमी बंगाल के राज्यपाल रहे, तब तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनका टकराव बना रहा। तमिलनाडु सहित कई राज्यों में राज्यपालों के खिलाफ राजनीतिक धरना-प्रदर्शन तक हुए हैं। राज्यपालों पर भ्रष्टाचार सहित मनमानी करने के कई तरह के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि सुप्रीम कोर्ट के जज रहे नजीर के आंध्रप्रदेश का राज्यपाल बनने पर ऐसी नौबत नहीं आयेगी । जैसे भाजपा और आन्ध्र सरकार के बीच कई बार टकराहट हो चुकी है। यदि राजनीतिक धरना-प्रदर्शन के हालात बनते हैं तो वह सिर्फ राज्यपाल के खिलाफ ही नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज के खिलाफ भी होंगे। सुप्रीम कोर्ट में जज रहने के कारण राज्यपाल को विवादों में घसीटा जाएगा। राजनीति में चूंकि आरोप-प्रत्यारोपों की कोई सीमा नहीं है, इसलिए विवाद किसी भी हद तक जाने पर इसकी चपेट में सेवानिवृत्ति के बाद राज्यपाल बने जज भी आयेंगे । अदालतों को ऐसे मामलों की सुनवाई करनी पड़ेगी जिसमें सुप्रीम कोर्ट का जज शामिल रहा हो। यदि अदालत ने राज्यपाल के खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणी कर दी तो परोक्ष तौर पर न्यायपालिका पर भी होगी, क्योंकि राज्यपाल पूर्व में जज रह चुके हैं। विवाद की ऐसी स्थितियों से बेशक राजनीतिक दलों के स्वार्थ सधते हों, किन्तु इससे न्यायपालिका के प्रति जनभावना में बनी आस्था खंडित हुए बगैर नहीं रहेगी । समय है कि राजनीति में शुचिता आये ।

## मुंबई-गोवा मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन शुरू करेगा रेलवे: केंद्रीय मंत्री दानवे

**ठाणे ,एजेंसी** । रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे ने महाराष्ट्र के विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल को सूचित किया है कि जल्द ही मुंबई-गोवा मार्ग पर वंदे भारत सेमी-हाई स्पीड एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाएगी। यह जानकारी कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य निरंजन दावखरे ने साझा की। दावखरे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि शुक्रवार को विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने दानवे से मुलाकात की थी। इस दौरान दानवे ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि मुंबई और गोवा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाएगी। विज्ञप्ति के अनुसार दानवे ने कहा कि मुंबई-शिरडी और मुंबई-सोलापुर मार्गों पर हाल ही में शुरू की गई एक्सप्रेस ट्रेन की तर्ज पर मुंबई और गोवा के बीच भी ट्रेन चलाई जाएगी।

मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि मुंबई-गोवा रेल मार्ग का विद्युतीकरण पूरा हो गया है और निरीक्षण के बाद नयी ट्रेन सेवा शुरू की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने बैठक के दौरान मंत्री के साथ ठाणे और कोंकण क्षेत्र में रेलवे से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की।

विधायकों ने यह मांग भी की कि ठाणे के मुंब्रा स्टेशन का नाम बदलकर मुंब्रा देवी स्टेशन किया जाए। दानवे ने उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य सरकार द्वारा इस आशय का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

**नयी दिल्ली,एजेंसी** । दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 163 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाये रहने का भी अनुमान जताया है। मौसम कार्यालय ने कहा कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 94 प्रतिशत दर्ज की गई। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे के आसपास 120 रहा, जो श्मध्यम श्रेणी में आता है। मालूम हो कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई श्अच्छा, 51 से 100 के बीच श्संतोषजनक, 101 से 200 के बीच श्मध्यम, 201 से 300 के बीच श्खराब, 301 से 400 के बीच श्बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## कपिल सिब्बल ने भारत में अन्याय से लड़ने के लिए नए मंच की घोषणा की

**नई दिल्ली,एजेंसी** । राज्यसभा के सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत केंद्र सरकार के कार्यकाल में देश में मौजूद श्अन्याय से लडने के लिए शनिवार को एक नये मंच की घोषणा की और इस काम में गैर-भाजपाई मुख्यमंत्रियों एवं नेताओं समेत सभी से उनका सहयोग करने की अपील की. सिब्बल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह न्याय के खिलाफ लड़ाई में लोगों की मदद करने के लिए श्इंसाफ मंच और श्इंसाफ का सिपाही नामक वेबसाइट शुरू कर रहे है और इस पहल में वकील अग्रणी भूमिका निभाएंगे. उन्होंने बताया कि वह 11 मार्च को जंतर-मंतर पर इस पहल के संबंध में एक बैठक करेंगे और भारत के लिए दृष्टिकोण पेश करेंगे. सिब्बल ने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विपक्षी नेताओं और आम लोगों समेत सभी को खुला निमंत्रण है.

उन्होंने अपनी पहल के लिए गैर-भाजपाई मुख्यमंत्रियों और नेताओं से समर्थन देने का अनुरोध किया।

# मोदी और शिंजो आबे क्वाड के जनक, दुनियां को उनका आभार जताना चाहिए: टोनी एबट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत दौरे पर पहुंचे अस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबट ने पूर्व जापानी पीएम शिंजो आबे और प्रधानमंत्री मोदी को क्वाड का जनक बताया। उन्होंने कहा, नाटो की स्थापना के बाद श्क्वाडश वैश्विक विकास के लिए दूसरा सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक प्रयास है। इसके लिए दुनिया को प्रधानमंत्री मोदी और शिंजो आबे का आभार जताना चाहिए।

टोनी एबट ने कहा, आबे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों ही ऐसे एशियाई नेता हैं, जिन्होंने क्वाड की स्थापना के लिए पहल की। इस दौरान उन्होंने भारत और अस्ट्रेलिया के संबंधों पर भी अपने विचार रखे। एबट ने कहा, दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता समय के साथ और मजबूत होता जा रहा है। इस समझौते को हमने पिछले साल अंतिम रूप दिया था, यह नई ताकत का प्रतीक है। उन्होंने कहा, अस्ट्रेलियाई मंत्रियों का एक काफिला पिछले कुछ सप्ताह से दिल्ली में है और अगले सप्ताह प्रधानमंत्री भी भारत आ रहे हैं। यह दोनों देशों के बीच रिश्तों की मजबूती का प्रतीक है।

टोनी एबट ने शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भाजपा को जानो पहल के तहत भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कैंपेन और रणनीति के बारे में जाना। इसके अलावा नड्डा ने उन्हें पार्टी की संगठनात्मक संरचना की भी जानकारी दी।गौरतलब है कि टोनी एबट 2013 से 2015 तक अस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री थे। भाजपा को जानों अभियान के तहत पूर्व अस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने भाजपा की अब तक की यात्रा के बारे में जाना। इतना ही नहीं इस दौरान, भाजपा अध्यक्ष ने राष्ट्र निर्माण में पार्टी और भाजपा सरकारों के संघर्षों, योगदान के बारे में भी विस्तार से बताया।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने श्ज्ञदवू ठश्रच्श् अभियान बीते साल अप्रैल में भाजपा प्रमुख द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस पर शुरू की गई थी।

भाजपा को जानो कार्यक्रम के तहत, नड्डा विदेशी दूतों को अपनी पार्टी के बारे में जानकारी देते हैं। उन्हें पूर्ववर्ती जनसंघ के 1951 से लेकर भाजपा के गठन तक की यात्रा पर एक लघु वृत्तचित्र भी दिखाया जाता है। इसके तहत पार्टी द्वारा विभिन्न देशों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ दुनिया को अपनी विचारधारा और कार्यप्रणाली के बारे में बताने का भाजपा का प्रयास है।

## झपटमारी की वारदात के दौरान ट्रैक्टर-ट्रेलर से कुचलकर 2 लोगों की मौत

**होशियारपुर,एजेंसी** । पंजाब में होशियारपुर के निकट झपटमारी की वारदात के दौरान स्कूटर से गिर जाने के कारण एक महिला के आठ वर्षीय बेटे और 21-वर्षीय भतीजी की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को यहां से लगभग 40 किलोमीटर दूर मिआनी के पास हुईउन्होंने कहा कि 40-वर्षीय महिला घायल हो गई, जबकि उसका बेटा और भतीजी ट्रैक्टर के पहियों के नीचे कुचल गए. टांडा के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) कुलवंत सिंह ने कहा कि महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा में भर्ती कराया गया है. उन्होंने बताया कि महिला एक बच्चे और युवती को स्कूटी पर ले जा रही थी. इस दौरान दो अज्ञात झपटमारों ने युवती का पर्स छीन लिया।

# कर्नाटक कांग्रेस ने सीएम बोम्मई के आवास का किया घेराव

**बेंगलुरु,एजेंसी** । भाजपा विधायक के बेटे को कथित रूप से 40 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद कर्नाटक कांग्रेस इकाई शनिवार को यहां मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के आवास का घेराव किया और उनके इस्तीफे की मांग की है। भाजपा विधायक मदल विरुपाक्षप्पा के बेटे बीडब्ल्यूएसएसबी के मुख्य लेखाकार प्रशांत मदल को लोकायुक्त ने पकड़ा था जिसने विधायक को मामले में मुख्य आरोपी बनाया।बेंगलुरु में कर्नाटक सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सहित कई कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया।लोकायुक्त सूत्रों के मुताबिक मदल विरुपाक्षप्पा को गिरफ्तार करने की तैयारी की जा रही है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डीक़ के. शिवकुमार ने कहा कि विधायक विरुपक्षप्पा के बेटे को रिश्वत नगदी और दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने आवास से 8 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। इसने कर्नाटक में भाजपा सरकार के 40 प्रतिशत कमीशन गठजोड़ का पर्दाफाश किया है।

पार्टी कांग्रेस भवन से रेसकोर्स रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास तक विरोध मार्च निकालने की योजना बना रही है। प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला भी धरने में शामिल होंगे।इस बीच, प्रशांत मदल को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। विधायक, जो कर्नाटक सप्स एंड डिटर्जेंट लिमिटेड (केएसडीएल) के अध्यक्ष थे।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजधानी एक्सप्रेस बस सेवा को दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उप्र सड़क परिवहन निगम की एक नयी बस सेवा श्राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, जो राज्य की राजधानी को सभी जिला मुख्यालयों से जोड़ेगी. लखनऊ से ये बसें हर जिलों में जाएंगीश्शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की 76 नई राजधानी व 39 साधारण सेवा की बसों को हरी झंडी दिखायी. मुख्यमंत्री ने अनलाइन रिजर्वेशन व यात्री फीडबैक एप्लीकेशन ऐप श्यूपी-राहीश की भी शुरुआत कीक़ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह आजादी का अमृत महोत्सव का पहला वर्ष है और इस प्रथम वर्ष में उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) अपनी स्थापना के 50 साल पूरे कर रहा हैउन्होंने कहा कि 50 वर्षों पहले जिस यात्रा को प्रारंभ किया गया उसमें होली के पूर्व कुछ नई उपलब्धियों को जोड़ा जा रहा है ताकि राज्य की 25 करोड़ जनता को सुगम परिवहन सेवा मुहैया कराई जा सके. उन्होंने कहा कि सबसे बड़े सांस्तिक आयोजन प्रयागराज कुंभ और कोरोना महामारी के दौरान परिवहन निगम की भूमिका सराहनीय रही. उन्होंने कहा कि कुंभ के 45 दिन के आयोजन में 24 करोड़ श्रद्धालु सहभागी बने और इसके लिए परिवहन निगम को राज्य सरकार ने पांच हजार नयी बसें उपलब्ध कराई थीं.

## केंद्र सरकार के चुनिंदा कर्मचारियों को मिला पुरानी पेंशन योजना का एक मौका

**नयी दिल्ली,एजेंसी** । केंद्र सरकार के कर्मचारियों के एक चुनिंदा समूह को पुरानी पेंशन योजना चुनने का एक मौका दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय ने इस बाबत एक आदेश जारी किया है। शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को अधिसूचित किये जाने की तारीख 22 दिसंबर, 2003 से पहले विज्ञापित या अधिसूचित पदों के तहत केंद्र सरकार की सेवाओं में शामिल होने वाले कर्मचारी केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 (अब 2021) के तहत पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने के पात्र हैं।

# भारतीय रेल ने फरवरी 2023 में 124.03 एमटी माल ढोकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड कायम किया

**नईदिल्ली,एजेंसी** । भारतीय रेल ने फरवरी 2023 में 12403 एमटी माल ढोकर फरवरी माह में अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकर्ड कायम किया है। इस वर्ष फरवरी में 426 एमटी अधिक माल ढोया गया, जो फरवरी 2022 में हुई सर्वाधिक माल ढुलाई की तुलना में 355 प्रतिशत अधिक है।

इसी तरह, भारतीय रेल ने लगातार 30 महीने में अब तक की सर्वश्रेष्ठ मासिक माल ढुलाई की है।

भारतीय रेल ने कोयले में 3.18 मिलियन टन, उर्वरकों में 0.94 मिलियन टन, अन्य वस्तुओं के बकाये में 066 मिलियन टन, पीओएल में 028 मिलियन टन और कंटेनर में 027 मिलियन टन की क्रमिक वृद्धि वाली माल ढुलाई दर्ज की है।

वित्त वर्ष 2022-23 में मोटर वाहन लोडिंग में वृद्धि माल ढुलाई व्यवसाय का एक और उल्लेखनीय पक्ष रहा है और वित्त वर्ष 2022-23 में फरवरी तक 5015 रेक लोड किए गए हैं, जबकि पिछले साल की इसी अवधि के दौरान 2966 रेक लोड किए गए थे यानी इसमें 69 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

अप्रैल 2022 से फरवरी 2023 तक संचयी माल लदान 136749 मीट्रिक टन रहा है, जबकि 2021-22 127884 एमटी माल ढुलाई हुई। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में 693 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुये क्रमिक रूप से 8865 एमटी माल ढुलाई में वृद्धि हुई।

फरवरी 2023 में में माल भाड़ा एनटीकेएम (निवल टन किलोमीटर) बढ़कर 73 अरब हो गया है, जो फरवरी 2022 के 70 अरब की तुलना में 428 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2022 से फरवरी 2023 के दौरान संचयी मालभाड़ा एनटीकेएम पिछले वर्ष के 74 अरब की तुलना में इस बार 1081 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 82 अरब रहा।विद्युत और कोयला मंत्रालयों के सतत प्रयासों के माध्यम से भारतीय रेल ने बिजली घरों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए फरवरी माह में माल ढुलाई निष्पादन की प्रमुख विशेषताओं में से एक रहे हैं। बिजली में कोयले (घरेलू और आयातित दोनों) की लोडिंग जनवरी में 339 मिलियन टन बढ़ी, जिसमें 4563 मीट्रिक टन कोयले को बिजली घरों में स्थानांतरित किया गया, जबकि पिछले साल यह 4224 मिलियन टन था, यानी 802त्न की वृद्धि हुई। संचयी रूप से, वर्ष के पहले ग्यारह महीनों में, भारतीय रेलवे ने पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में बिजली घरों को 7969 मिलियन टन से अधिक अतिरिक्त कोयला लोड किया है, जिसमें 1544त्न से अधिक की वृद्धि हुई है।

# साम्यवादी चीन हमारा सबसे मजबूत और अनुशासित शत्रु है: निक्की हेली

**वाशिंगटन,एजेंसी।** रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की दावेदार निक्की हेली ने कहा कि अमेरिका के सामने अब तक का सबसे मजबूत और अनुशासित दुश्मन साम्यवादी चीन है।

रिपब्लिकन पार्टी के शीर्ष वार्षिक कार्यक्रम श्कंजर्वेटिव पलिटिकल एक्शन कांफ्रेंस में दिए प्रभावशाली भाषण में भारतीय मूल की अमेरिकी हेली ने सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी की आलोचना करते हुए उसे समाजवादी पार्टी बताया।

उन्होंने भाषण में अमेरिका की विदेश नीति पर अपना ध्यान केंद्रित किया और कहा कि अमेरिका को उन देशों को मदद नहीं देनी चाहिए जो उससे नफरत करते हैं।उन्होंने हाल में जासूसी गुब्बारे वाली घटना का उल्लेख करते हुए कहा, मैंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि अमेरिकी नागरिक आसमान में देखेंगे और पाएंगे कि चीन का एक खुफिया गुब्बारा हम पर नजर रख रहा है। यह राष्ट्रीय शर्मिंदगी की बात थी।हेली ने कहा, कोई गलती मत करना रू साम्यवादी चीन हमारे सामने सबसे मजबूत और अनुशासित दुश्मन है। हमें चीन को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता है। कोविड से शुरू कीजिए और गिरोहों के बारे में बात करने से पहले हमें यह देखने की जरूरत है कि चीन वह देश है जो हमारी सीमा में दें टानिल भेज रहा है।हेली (51) ने 14 फरवरी को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए मैदान में उतरने की घोषणा की थी। उसके बाद से ही उन्होंने अपनी पार्टी तथा राष्ट्रीय जनता का ध्यान अपनी ओर आष्ट किया है। प्राइमरी चुनाव के दौरान उनका मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगा। हेली 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में अभी तक इकलौती महिला दावेदार हैं।

रिपब्लिकन पार्टी की नेता ने कहा, मुझे विश्वास नहीं होता कि (राष्ट्रपति) जो बाइडन चीन को क्यों बगैर सजा छोड़ रहे हैं। चीनी कंपनियों के पास अब अमेरिका की 3,80,000 एकड़ से अधिक की जमीन है, जो हमारे सैन्य अड्डों के लगभग बराबर हैं। हम क्या कर रहे हैं? हमें किसी दुश्मन को हमारे देश में जमीन खरीदने नहीं देना चाहिए।

## समुद्र स्तर में वृद्धि से चेन्नई और कोलकाता महागनगरों को विशेष रूप से खतरा

**वाशिंगटन,एजेंसी।** एक नए शोध में यह बात सामने आई है कि इस सदी में समुद्र का स्तर बढने से कुछ एशियाई महानगरों के साथ-साथ पश्चिमी उष्णकटिबंधीय प्रशांत द्वीप समूह और पश्चिमी हिंद महासागर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।शोध दल ने कई एशियाई महानगरों की पहचान की, जो ग्रीनहाउस गैसों का उच्चस्तरीय उत्सर्जन जारी रहने की सूरत में सन् 2100 तक विशेष रूप से महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर सकते हैं। इन महानगरों में चेन्नई, कोलकाता, यांगून, बैंकक, हो ची मिन्ह सिटी और मनीला शामिल हैं।अध्ययन में जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र स्तर में अनुमानित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए प्रातिक उतार-चढ़ाव की पड़ताल की गई है।

# यूएन में भारत ने पाक को फिर लगाई लताड़

### कहा- पहले अपनी जनता के लिए रोटी का इंतजाम करो, फिर कश्मीर का सोचना




**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान को एक बार फिर भारत ने लताड़ा है। पाक की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार के कश्मीर वाले राग पर भारत ने उसे आइना दिखाने का काम किया है। भारतीय राजनयिक सीमा पुजानी ने पाक के झूठे दावों की पोल खोलते हुए कहा कि पड़ोसी मुल्क अपनी जनता के लिए खाने का इंतजाम ही कर ले यही काफी होगा।

भारत के अल्पसंख्यकों पर खतरे की बात कहने वाले पाक को सीमा पुजानी ने सीधे लहजे में कहा कि उसे पहले अपना घर देखना चाहिए और जनता के लिए रोटी का इंतजाम करना चाहिए। सीमा ने कहा कि पड़ोसी मुल्क में कोई भी धार्मिक अल्पसंख्यक आजादी से नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि पाक में इन अल्पसंख्यकों को खास्कर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर में जुल्म पर दिए गए बयान के जवाब में भारत ने कड़े तेवर ने जवाब दिया। भारतीय राजनयिक ने कहा कि पाक के प्रतिनिधि ने एक बार फिर भारत के खिलाफ अपने दुर्भावनापूर्ण प्रचार के लिए इस मंच का दुरुपयोग करना चुना है। उन्होंने कहा कि पाक में हर रोज अल्पसंख्यकों, महिलाओं और विशेषकर हिंदू धर्म के लोगों पर जुल्म बढ़ते जा रहे हैं और वह दूसरों पर झूठे आरोप लगा रहा है।

भारतीय राजनयिक ने इसके बाद पाक के कच्चे चिट्ठे खोलने शुरू किए। सीमा पुजानी ने कहा कि पाक दूसरे देशों में आतंक फैलाने का काम करता है और बाद में शांति की बात बोलता है। सीमा ने कहा कि पड़ोसी मुल्क हमेशा से आतंकियों का पनाहगार बना रहा है। उन्होंने कहा कि पाक कई सालों से हाफिज सईद, मसूद अजहर और ओसामा बिन लादेन जैसे आतंकियों का पालन पोषण करता रहा।

# बांग्लादेश में अहमदिया समुदाय पर हमले में दो की मौत, 100 घायल

**ढाका, एजेंसी।** उत्तरी बांग्लादेश के पंचागढ़ जिले में अहमदिया समुदाय के खिलाफ इस्लामिक संगठनों सदस्यों के हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 100 अन्य घायल हो गए।

घायल हुए लोगों में नौ पुलिसकर्मी और दो पत्रकार भी शामिल हैं। हमले के दौरान अहमदिया समुदाय के सदस्यों के 30 से अधिक घरों में आग लगा दी गई और साथ ही एक यातायात पुलिस कार्यालय को भी आग के हवाले कर दिया गया। बीजीबी के अधिकारियों ने कहा कि बर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के 17 प्लाटून पंचागढ़ शहर क्षेत्र में तैनात किए गए हैं।

अहमदिया समुदाय के तेईस वर्षीय जाहिद हसन की पांचागढ़ में आतंकवादियों ने हत्या कर दी। मृतक पीडिघ्त जाहिद नटौर के बनपारा इलाके में रहता था।

अहमदिया समुदाय के सलाना जलसा के संयोजक अहमद तबशेर चौधरी ने पुष्टि की कि इस्लामवादियों ने तीन दिवसीय समारोह का विरोध करते हुए जाहिद को करातोवा नदी के किनारे ले जाकर उसकी हत्या कर दी।पंचगढ़ में, इस्लामवादियों द्वारा अहमदिया समुदाय के सालाना तीन दिवसीय समारोह को बंद करने की मांग करते हुए एक बड़ा हमला किया गया।

करीब छह घंटे तक चले इस्लामवादियों के हमले में अरिफुर रहमान (28) की मौत हो गई। इस दौरान कोरोटोआ पुल जाम हो गया था। जिला प्राधिकरण और पुलिस ने समारोह को स्थगित करने की घोषणा की।

पंचागढ़ में अहमदिया समुदाय की दुकानों और घरों को लूटने के बाद पुलिस और इस्लामवादियों के बीच झड़प हो गई। उग्रवादियों ने अहमदिया समुदाय पर हमला करने के लिए लोगों को एकत्रित किया।

इस्लामवादियों ने भीड़ के साथ हमले का नेतृत्व किया। ये लोग मिर्जा गुलाम अहमद द्वारा गठित इस्लाम के एक संप्रदाय अहमदिया के जमावड़े को रोकने की मांग कर रहे थे।

नगर पालिका के वार्ड-2 के पार्षद मजेदुर रहमान चौधरी ने पुष्टि की कि मृतक आरिफुर रहमान पंचागढ़ नगरपालिका के मस्जिदपारा इलाके का रहने वाला है।पंचागढ़ में पुलिस और श्रद्धालुओं के बीच झड़प हो गई।

शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे मारपीट हुई। पंचगढ़ शहर के चौरंगी चौराहे पर कई घंटों तक झड़प चली। पुलिस ने घटनास्थल से कई लोगों को हिरासत में लिया।

पुलिस अधीक्षक एस.एम. सिराजुल हुदा ने बताया कि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है। पुलिस ने अहमदियों से संघर्ष से बचने के लिए जमात से हमले रोकने का आग्रह किया।दोपहर की नमाज के बाद विभिन्न मस्जिदों से आए इस्लामवादी चौरंगी चौराहे पर जमा हो गए। इसके बाद उन्होंने एक रैली निकाली और शहर से लगभग दो किलोमीटर दूर अहमदनगर गांव की ओर बढने की कोशिश की। उस समय पुलिस ने उनके आंदोलन को रोक दिया, जिससे दोनों पक्षों में झड़प हो गई।इस्लामवादियों ने पुलिस पर पथराव किया। उग्रवादी नेताओं ने भीड़ का नेतृत्व किया और शहर के इलाके में दुकानों को लूट लिया और उनमें आग लगा दी।

## दिल्ली सरकार महिलाओं को देगी 50 फीसदी ड्राइविंग प्रशिक्षण शुल्क

**नई दिल्ली,एजेंसी** । दिल्ली सरकार ने महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण देने के लिए एक नई योजना चलाई है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की कड़ी में चलाई गई इस योजना के अनुसार दिल्ली सरकार की तरफ से महिलाओं को ड्राइविंग सीखने के लिए ड्राइविंग प्रशिक्षण में लगने वाले कुल शुल्क का 50 प्रतिशत प्रशिक्षण का भुगतान खुद दिल्ली सरकार करेगी। गौरतलब है कि दिल्ली में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है। इसी कड़ी में दिल्ली सरकार ने एक नई योजना चलाई है। इस योजना के तहत दिल्ली में जो भी महिलाएं ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए इच्छुक हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीस 8 से 11 मार्च तक भारत की यात्रा करेंगे

**नयी दिल्ली,एजेंसी** । अस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस आठ मार्च से चार दिन की भारत यात्रा करेंगे, जिसका मकसद व्यापार, निवेश और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई क्षेत्रों में समग्र द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना है।

पिछले साल मई में प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी।विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, अस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस आठ से 11 मार्च तक भारत की राजकीय यात्रा करेंगे।

अल्बनीस के साथ व्यापार एवं पर्यटन मंत्री डन फैरेल और संसाधन एवं उत्तरी अस्ट्रेलिया मामले की मंत्री मेडेलीन किंग के अलावा एक उच्च-स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी भारत आएगा।विदेश मंत्रालय ने कहा कि अल्बनीस होली के दिन आठ मार्च को अहमदाबाद पहुंचेंगे। इसके बाद वह नौ मार्च को मुंबई जाएंगे और फिर उसी दिन दिल्ली आएंगे।अस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री का 10 मार्च को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में रस्मी स्वागत किया जाएगा।

इसके बाद मोदी और अल्बनीस वार्षिक शिखर वार्ता करेंगे, जिसमें भारत-अस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही दोनों आपसी हित से जुड़े क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी विचार विमर्श करेंगे।

पिछले कुछ वर्षों में भारत और अस्ट्रेलिया के बीच संबंध प्रगाढ़ हुए हैं।

# युवी–कुबंले संग शेयर की 'खास पलों' की तस्वीर



नई दिल्ली, क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते नजर आते है। हाल ही में मास्टर ब्लास्टर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसके चलते वह हर जगह सुर्खियां बटोर रहे है। इस वायरल तस्वीर में टीम इंडिया के दिग्गज खिलाड़ी अनिल कुंबले और युवराज सिंह भी नजर आ रहे हैं।

दरअसल, हाल ही में महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अनिल कुंबले और युवराज सिंह के साथ सेल्फी लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि यह तस्वीर गोवा की है। ऐसे में सचिन ने तस्वीर शेयर कर केप्शन में लिखा,"गोवा में हमारा दिल चाहता है मूमेंट, आपको क्या लगता है कि इनमें से आकाश, समीर और सिड कौन है?"

बता दें कि 2001 में बॉलीवुड एक्टर आमिर खान, सैफ अली खान और अक्षय खन्ना की फिल्म 'दिल चाहता है' रिलीज हुई थी। जो कि पूरी तरह से दोस्ती या यूं कहे याराना के ऊपर बनाई गई थी। इसके साथ ही सचिन, कुंबले और युवराज की यह तस्वीर भी सच्चाई दोस्ती की मिसाल पेश कर रही है। फैंस इस तस्वीर को काफी पसंद कर रहे है।

यह तस्वीर जल्दी से सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म पर वायरल हो गई और भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने पोस्ट पर एक शानदार कमेंट किया। उन्होंने लिखा, "काफी सम्मान के साथ आकाश सिड समीर।"

बता दें कि सचिन, कुंबले और युवराज सौरव गांगुली के नेतृत्व वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे जो 2003 विश्व कप तक पहुंची थी। कुंबले ने इसे 2008 में छोड़ दिया, जबकि सचिन और युवराज एमएस धोनी की कप्तानी में साल 2011 एकदिवसीय विश्व कप ट्रॉफी उठाने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

# सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलियाई पिच को याद करते हुए की तीखी टिप्पणी



नई दिल्ली, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में मेहमान टीम ने 9 विकेट से आसान जीत दर्ज की। इस मैच में स्पिनर्स का बोलबाला रहा। एक तरफ जहां कंगारू टीम ने भारतीय टीम को झटका दिया। वहीं, आईसीसी ने भी बीसीसीआई को शुक्रवार शाम एक तगड़ा झटका दिया।

पिच की बात करें तो वैसे तो इंदौर की पिच बल्लेबाजों के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है, लेकिन यहां पहली पारी से ही भारतीय बल्लेबाज रन बनाने को संघर्ष करते हुए नजर आए। पहले ही दिन से पिच को लेकर खूब चर्चा हो रही थी। हालांकि, मैच खत्म होने के बाद शुक्रवार को आईसीसी ने होलकर स्टेडियम की पीच को खराब बताया। आईसीसी ने पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत इंदौर की पिच को खराब बताया।

आइसीसी के एक्शन पर नाराज दिखे गावस्कर

आइसीसी के इस एक्शन पर पूर्व क्रिकेटर्स सुनील गावस्कर ने तीखी टिप्पणी की। इंदौर की पिच पर कउउ के बयान पर उन्होंने तीखी टिप्पणी की। गावस्कर ने गाबा में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए नोवाक टेस्ट मैच को याद किया, जो दो दिनों में ही खत्म हुआ था।

उन्होंने कहा, 'एक बात मैं जानना चाहता हूं, ब्रिसबेन गाबा में नवंबर में यह टेस्ट मैच था, जहां मैच 2 दिनों में समाप्त हो गया। उस पिच को कितने डिमेरिट पॉइंट मिले और वहां मैच रेफरी कौन था?' उन्होंने आगे सवाल उठाया कि मुझे लगता है कि 3 डिमेरिट पॉइंट थोड़े कठोर हैं, क्योंकि इस पिच खतरनाक नहीं थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिच में टर्न जरूर थी।'

इंदौर की पिच थी काफी ड्राइः क्रिस ब्रॉड

आईसीसी मैच रैफिरी क्रिस ब्रॉड ने कहा कि इंदौर की पिच काफी ड्राई थी और बैट और बॉल के बीच संतुलन नहीं बन पाई। यह पिच शुरू से ही स्पिनर्स के पक्ष में थी। मैच रैफरी द्वारा आईसीसी को दी गई मैच रिपोर्ट में होलकर स्टेडियम की टेस्ट पिच को तीन डिमेरिट अंक दिए हैं। अब बीसीसीआई के पास इसके खिलाफ अपील करने के लिए 14 दिनों का समय दिया था। उल्लेखनीय है कि यह टेस्ट तीसरे दिन के एक घंटे में ही खत्म हो गया था।

# हरमनप्रीत कौर ने रचा इतिहास



नई दिल्ली, महिला प्रीमियर लीग के ओपनिंग मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर दमदार अर्धशतक जड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 207 रन बनाए। इस स्कोर को खड़ा करने में हरमनप्रीत का अहम योगदान रहा। उन्होंने पहले मैच में ही यह दिखा दिया कि विरोधी टीम को कड़ी टक्कर देने के इरादे से उतरी है। हरमन ने महज 22 गेंदों में पचासा जड़ डाला। हरमन ने इस दौरान मैदान पर एक से बढ़कर एक शॉट जड़े।

दरअसल, मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले जा रहे हढछ के पहले मुकाबले में हरमनप्रीत कौर ने शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश किया। उन्होंने मैदान के हर कोने पर कई बड़े–बड़े शॉट्र्स जड़कर एक दमदार अरधशतक जड़ा।

इसके साथ ही हरमनप्रीत ने पचासा जड़कर विमेंस प्रीमियर लीग के इतिहास में अपना नाम रच दिया है। हरमन पहली महिला खिलाड़ी बनी जिसने हढछ में अर्धशतक जड़ा। हरमन ने इस मैच में 30 गेंदों में कुल 14 चौके ठोक 216.67 की स्ट्राइक रेट से 65 रन जड़े, लेकिन उन्हें स्नेह राणा ने 17वें ओवर में अपना शिकार बनाया। बता दें कि जब हरमनप्रीत कौर मैदान पर उतरीं तो मुंबई टीम का स्कोर 3 विकेट पर 77 रन था, लेकिन जब हरमन आउट हुई तो टीम का स्कोर 166 रहा। इस तरह हरमन ने टीम को स्कोर खड़ा करने में अहम योगदान दिया।

# नई प्लान के साथ अहमदाबाद टेस्ट में उतरेगी इंडिया



नई दिल्ली। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अहमदाबाद में नौ मार्च से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट की अंतिम एकादश में जगह मिलने की आशा है। शमी को कार्यभार प्रबंधन के तहत इंदौर में खेले गए तीसरे टेस्ट से विश्राम दिया गया था। भारतीय टीम प्रबंधन ने मेडिकल स्टाफ के परामर्श से आइपीएल के ज्यादातर मैचों को खेलने वाले और वनडे विश्व कप की योजना में शामिल तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन की योजना बनाई है। शमी शुरुआती दो टेस्ट खेले थे और वह वनडे टीम का भी हिस्सा हैं। इंदौर टेस्ट में टीम में उनकी जगह उमेश यादव को शामिल किया गया था। शमी इस सीरीज में अब तक सबसे बेहतर तेज गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में 30 ओवर गेंदबाजी की है और सात विकेट चटकाए हैं। मोटेरा की सूखी पिच पर टीम को उनकी अधिक जरूरत होगी। ऐसी पिच रिवर्स स्विंग के लिए अनुकूल हो सकती है।

# चमचमकाती ट्रॉफी देख खुशी से झूम उठी मंधना



नई दिल्ली,विमेंस प्रीमियर लीग के पहले संस्करण का आगाज 4 मार्च यानी आज से हो चुका है। पहला मुकाबला गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जा रहा है।

इस मैच के शुरू होने से पहले टूर्नामेंट की पांचों फ्रेंचाइजी के कप्तानों ने की चमचमाती ट्रॉफी का अनावरण किया।

इस बीच मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर और आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने फैंस का दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें दोनों कप्तान ट्रॉफी रिवील करते वक्त काफी जोश में नजर आ रहे है।´दरअसल, विमेंस प्रीमियर लीग के पहल मुकाबले से पहले शानदार ओपनिंग सेरेमनी का नजारा देखने को मिला। इस दौरान बॉलीवुड एक्टर कृति सैनन और कियारा आडवाणी ने जबरदस्त परफॉर्म किया।

कियारा ने बिजली सॉन्ग पर परफॉर्म किया। वहीं पंजाबी पॉप स्टार एपी ढिल्लों ने अपने सुपरहिट सॉन्ग के अलावा डब्ल्यूपीएल एंथम गाया।

## फिल्मी सफर

# हैप्पी फैमिलीः कंडीशंस अप्लाई का ट्रेलर रिलीज, 10 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर देगी दस्तक


प्राइम वीडियो ने अपनी पारिवारिक कॉमेडी, अमेज़ॅन ओरिजिनल सीरीज़ हैप्पी फैमिलीः कंडीशंस अप्लाई के अपने क्विर्की और रोमांचक ट्रेलर के लॉन्च के साथ इसके ग्लोबल प्रीमियर की घोषणा की। इस सीरीज में राज बब्बर, रत्ना पाठक शाह, अतुल कुलकर्णी और आयशा जुल्का जैसे स्थापित कलाकरों के साथ रैनक कामदार, मीनल साहू, सनाह कपूर और अहान साबू जैसे युवा अभिनेताओं का पूरा जमावड़ा है।



आतिश कपाडिया और जेडी मजेठिया द्वारा निर्मित और निर्देशित, और हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित, हैप्पी फैमिलीः कंडीशंस अप्लाई एक एपिसोडिक रिलीज होगी। पहले चार एपिसोड प्राइम वीडियो पर 10 मार्च को 240 से अधिक देशों और टेरीटरीज में एक्सक्लूसिवली प्रीमियर किये जायेंगे , और उसके बाद 31 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को 2 एपिसोड रिलीज़ होंगे। ठहाकों से भरपूर यह ट्रेलर दर्शकों को ढोलकियाज़ के परिवार की दुनिया में ले जाता है जहां एक ही घर में चार पीढ़ियाँ जीवन में आने वाले उतार–चढ़ाव का सामना एक साथ करती हैं। दुनिया के लिए, ढोलकियाज़ भले ही पिक्चर–परफेक्ट हैं लेकिन किसी भी आम परिवार की तरह वे भी बेतरतीब हैं; हर एक की अपनी अनूठी सनक है, धुन है और बोली है। लेकिन ये सारी खामियां ही उन्हें एक ऐसे अनूठे बंधन में बांधती है जो उन्हें मजबूती से जोड़े रखता है हैप्पी फैमिलीः कंडीशंस अप्लाई हमारा एक ऐसा ईमानदार प्रयास है जिसमे हमने अनेक पीढ़ियों वाले एक ऐसे परिवार को दिखाया है जो विचित्र है लेकिन प्यारा है। इन पात्रों में से प्रत्येक की अपनी अलग पहचान है, जो हमारे दर्शकों को हास्य और हंगामे का साप्ताहिक डोज़ देने और रोजमर्रा के ढर्रे में खुशियों का ब्रेक देने का वादा करता है। प्राइम वीडियो की इंडिया ओरिजिनल्स की हेड अपर्णा पुरोहित कहती हैं , इस जौनर के उस्ताद, जेडी मजेठिया और आतिश कपाडिया के साथ यह हमारी पहली पेशकश है, उन्होंने यह एक ऐसा शो बनाया है जिसमे हास्य है, गर्मजोशी है, ठहाके हैं और हमें विश्वास है कि दुनिया भर के दर्शक ढोलकियाज़ से रिलेट करेंगे और उनमे कहीं न कहीं अपने खुद के परिवार की झलक देखेंगे।

हमें लगता है, कि कॉमेडी, सबसे प्रभावी तब होती है जब यह रोजमर्रा की घटनाओं और सिचुएशन से आती है, और हैप्पी फैमिलीः कंडीशंस अप्लाई में बस यही है। ढोलकियाज़ एक प्यारा लेकिन झक्की परिवार है जो किसी भी संयुक्त परिवार और आम तौर पर उसमे नज़र आने वाली विचित्रताओं को प्रतिबिंबित करता है, निर्माता और निर्देशक आतिश कपाडिया और जेडी मजेठिया ने बताया।

# पठान बनी सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म, बाहुबली 2 को पीछे छोड़ा



पठान के लिए एक बार फिर से झूमने का मौका है। शाहरुख खान की इस फिल्म ने बाहुबली 2 (हिंदी) का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार बंपर कमाई कर रही थी और ट्रेड एनालिस्ट्स की नजरें इस रिकॉर्ड पर काफी समय से थीं। फिल्म सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म पहले ही बन चुकी थी।इस मौके पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने ट्वीट कर अपनी खुशी जाहिर की है। पठान के पोस्टर के साथ उन्होंने लिखा, बाहुबली 2 (हिंदी) के लाइफटाइम कलेक्शन से आगे निकल गए। मेरे लिए गौरव का क्षण है। एक बार फिर से, फिल्म को प्रोत्साहन देने वाले सभी दर्शकों का शुक्रिया। यह खबर सामने आते ही सोशल मीडिया पर शाहरुख के प्रशंसक उत्साहित हो गए। सोशल मीडिया पर पठान के सबसे बड़ी हिंदी फिल्म बनने की अलग ही खुशी नजर आई।

एसएस राजामौली की बाहुबली 2 का पर्दे पर अलग ही धमाल देखने को मिला था। यह फिल्म 2017 में आई थी और बीते 6 सालों में कोई भी फिल्म इसके आसपास भी नहीं पहुंच सकी थी। फिल्म ने हिंदी में 510.99 करोड़ रुपये कमाए थे। पठान ने गुरुवार तक 510.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। शुक्रवार को फिल्म बाहुबली 2 के आंकड़े से आगे निकल गई। फिलहाल शुक्रवार के कुल कलेक्शन के आंकड़ों की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

# रानी मुखर्जी की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे का पहला गाना शुबो शुबो जारी



अभिनेत्री रानी मुखर्जी इन दिनों अपनी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें रानी का एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा। 17 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है और इसे दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। अब शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना शुबो शुबो भी जारी कर दिया, जिसमें रानी अपने पूरे परिवार के साथ हंसती–खिलखिलाती नजर आ रही हैं।

शुबो शुबो को अल्तामाश फरीदी ने अपनी आवाज दी है। आशिमा छिब्बर के निर्देशन में बनी मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की कहानी एक सच्ची घटना पर आधारित है। इस फिल्म में एक मां के संघर्ष की कहानी दिखने को मिलेगी, जो नॉर्वे में अपने बच्चों और पति के साथ रहती है, लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है कि वह अपने बच्चों की खातिर पूरे देश से लड़ जाती है। इसमें अनिर्बान भट्टाचार्य और नीना गुप्ता भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

17 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही हैं।

# अल्लू अर्जुन करने वाले है बॉलीवुड में एंट्री, भूषण कुमार ने किया फिल्म का ऐलान

पिछले कई दिनों से खबरें आ रही थीं कि अल्लू अर्जुन शाहरुख खान की पैन इंडिया फिल्म जवान में नजर आने वाले हैं, लेकिन फिर खबरें आईं कि उन्होंने इसका हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। इसके बाद उन सभी दर्शकों का दिल टूट गया, जो अल्लू के बॉलीवुड डेब्यू का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, अब अल्लू ने बॉलीवुड निर्माता भूषण कुमार के साथ फिल्म साइन कर ली है। इसका निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा करने वाले हैं।

टी–सीरीज ने ट्विटर पर इस फिल्म का ऐलान किया। पोस्ट में लिखा गया, भारतीय सिनेमा जगत के तीन दिग्गज पावरहाउस निर्माता भूषण कुमार, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के सहयोग से बनने जा रही फिल्म के लिए कमर कस लें। भूषण, संदीप और अल्लू ने हाल ही में इसे आधिकारिक रूप देने के लिए मुलाकात की। चर्चा है कि यह फिल्म मूल रूप से हिंदी में बनेगी, लेकिन इसे एक साथ कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

इस फिल्म की घोषणा के बाद अल्लू के प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। एक फैन ने लिखा, अब भी पुष्पा का खुमार सिर से उतरा नहीं है। पुष्पा 2 धमाल मचाने को तैयार है और अब ये नई फिल्म। धमाका होकर रहेगा। दूसरे फैन ने लिखा, वाह! दिन की शुरुआत करने को इससे बढ़िया खबर हो ही नहीं सकती। एक फैन ने लिखा, शानदार निर्माता–निर्देशक और अभिनेता की तिकड़ी। अब आएगा मजा। एक ने लिखा, फायर है भाई। अल्लू इन दिनों फिल्म पुष्पाः द राइज के सीक्वल पुष्पाः द रूल की शूटिंग कर रहे हैं। काफी समय पहले फिल्म के सेट से उनकी



तस्वीर भी वायरल हुई थीं, जिनमें अल्लू का नया लुक देखने को मिला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू के 41वें जन्मदिन यानी 8 अप्रैल को पुष्पा 2 की टीम अभिनेता के प्रशंसकों को सरप्राइज देने की तैयारी कर रही है। इस दिन पुष्पाः द रूल से उनकी एक झलक या टीजर जारी किया जाएगा।

भूषण फिल्म आदिपुरुष से भी बतौर निर्माता जुड़े हुए हैं। इसके अलावा वह फिल्म घुड़चढ़ी लेकर आ रहे हैं, जिसमें रवीना टंडन और संजय दत्त साथ नजर आएंगे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com